● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 180, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 10 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पीएम मोदी ने दी मोहम्मद यूनुस को बधाई 5

बांग्लादेश के खिलाफ शमी की हो सकती वापसी 6

# हर बहन तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने सरकार कृत संकल्पितः डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गरीब से गरीब बहन के घर तक नारी सशक्तिकरण के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य शासन की भावना भी है और प्रतिबद्धता भी। भारतीय संस्कृति में बहनों को यश देने वाली माना गया है, वे परिवारों में सम्माननीय हैं। माता-पिता के समान प्रेम और स्नेह के साथ संस्कारों को बनाए रखते हुए परिवार के दायित्व निर्वहन की क्षमता भी उनमें है। मंत्रि-परिषद ने बहनों के सम्मान और स्नेह के प्रतीक, रक्षाबंधन पर्व को पूरे उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है। संपूर्ण प्रदेश में 25 हजार स्थान पर 10 अगस्त को कार्यक्रम होंगे और सिंगल क्लिक से लाड़ली बहनों के खातों में 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन के शगुन 250 रूपए अलग से जारी किए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा कोई योजना बंद नहीं की जाएगी, अपितु संकल्प पत्र में जो कहा गया है वे सभी योजनाएं व कार्यक्रम लागू होंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास में रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का कन्या-पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उनके कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर महिला सरपंचों ने मंगल गीतों के साथ पुष्प-वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बहनों के जीवन को आसान और खुशहाल बनाने के लिए कई योजनाएं व कार्यक्रम लागू किए हैं। इसी क्रम में घर-घर रसोई गैस की सुविधा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। राज्य सरकार ने लाड़ली बहनों और जिनके पास उज्ज्वला कनेक्शन हैं उन्हें 450 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए बहनों से सावन माह धूमधाम से मनाने का आहवान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई बहनों ने 40 फीट लंबी राखी भेंट की। बहनों ने मुख्यमंत्री भैया डॉ. यादव को पृथक से भी राखियां बांधी, जिस पर मुख्यमंत्री ने बहनों को शगुन स्वरूप भेंट भी प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है, जो लंबी गुलामी के परिणामस्वरूप प्रभावित हुआ। अपनी धरोहर, संस्कृति और सम्मान के लिए रानी दुर्गावती ने जिस शौर्य और पराक्रम से संघर्ष किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। रानी दुर्गावती की जयंती का वर्तमान में 500वां वर्ष चल रहा है। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक महिला सरपंचों का सम्मेलन रानी दुर्गावती की स्मृति में ही आयोजित किया गया है।

## सरकार ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए कमेटी बनाई, गृह मंत्री ने दी जानकारी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश के हालातों पर नजर रखने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कि कमेटी बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

इसके लिए कमेटी बांग्लादेश के अधिकारियों के साथ संबंध स्थापित कर रही है। कमेटी की अध्यक्षता सीमा सुरक्षा बल की पूर्वी कमान के एडिशनल डायरेक्टर जनरल रवि गांधी करेंगे। शाह ने कहा कि इस कमेटी का मुख्य कार्य बांग्लादेश में कमजोर समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा।

## सीएए पर केंद्र सरकार ने जारी किया नया नोटिफिकेशन

### नागरिकता के लिए जरूरी कागजात बताए, मई में 14 शरणार्थियों को मिली थी सिटीजनशिप



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के तहत नागरिकता के लिए जरूरी कागजातों पर स्पष्टीकरण जारी किया है। इस कानून के तहत नागरिकता लेने के लिए ऐसा कागजात पेश करना जरूरी है, जो साबित करता हो कि आवेदक के माता-पिता, दादा-दादी, या परदादा-परदादी पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश के रहने वाले थे। हालांकि यह तय नहीं था कि इसके प्रूफ के लिए किस तरह के कागजात की जरूरत होगी। नए नोटिफिकेशन में यह साफ किया गया है कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार या किसी ज्यूडीशियल बॉडी से जारी कोई आदेश जैसै लैंड रिकॉर्ड, ज्यूडीशियल ऑर्डर आदि सभी इसके लिए मान्य होगें। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर- मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी। 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी।

## मुंबई के कॉलेज में बुर्का-हिजाब बैन के फैसले पर रोक

### सुप्रीम कोर्ट बोला- क्लास में बुर्के पर रोक रहेगी, लड़कियों पर पसंद नहीं थोप सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के दो कॉलेजों के उस आदेश पर आंशिक रूप से रोक लगा दी, जिसमें कॉलेज कैंपस में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर बैन लगाई गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा- स्टूडेंट्स को क्या पहनना है या क्या नहीं पहनना है, इस पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते। बेंच ने कहा- एजुकेशनल इंस्टीट्यूट अपनी पसंद स्टूडेंट्स पर नहीं थोप सकते। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको अचानक पता चलता है कि देश में कई धर्म



हैं। अगर कॉलेज का इरादा स्टूडेंट्स की धार्मिक आस्था को उजागर न करने का था, तो उसने तिलक और बिंदी पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया। कोर्ट ने कॉलेज चलाने वाली चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसायटी की वकील माधवी दीवान से पूछा- क्या स्टूडेंटस के नाम से उनकी धार्मिक पहचान उजागर नहीं होती। हालांकि बेंच ने कहा कि स्टूडेंट्स को क्लास के अंदर बुर्का पहनने की और कैंपस में धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने सर्कुलर पर रोक लगाते हुए को नोटिस जारी किया और कहा कि 18 नवंबर तक आप सर्कुलर लागू नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत कैंपस के अंदर हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के कॉलेज के सर्कुलर को बरकरार रखने वाली बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई गई याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** पूर्व ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर ने दिल्ली हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई नहीं हुई है। जस्टिस सुब्रमण्यम की बेंच ने मामले को 12 अगस्त तक टाल दिया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका लगाई थी। 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस अफसर रहीं पूजा के खिलाफ यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## वक्फ संशोधन-बिल के लिए बनी जेपीसी में 31 मेंबर्स होंगे

### 10 सांसद राज्यसभा से, औवेसी, सपा के मोहिबुल्ला और कांग्रेस के इमरान मसूद भी शामिल

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने शुक्रवार (9 अगस्त) को वक्फ संशोधन बिल के लिए बनाई जाने वाली संयुक्त संसदीय समिति के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस समिति में 31 सदस्य होंगे। इसमें लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 मेंबर होंगे। समिति को रिपोर्ट संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में देनी होगी। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू लोकसभा में बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। रिजिजू ने एक दिन पहले यानी गुरुवार 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था।



कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था। 1. जगदंबिका पाल (भाजपा) 2. निशिकांत दुबे (भाजपा) 3. तेजस्वी सूर्या (भाजपा) 4. अपराजिता सारंगी (भाजपा) 5. संजय जायसवाल (भाजपा) 6. दिलीप सैकिया (भाजपा) 7. अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा) 8. श्रीमती डीके अरुणा 9. गौरव गोगोई (कांग्रेस) 10. इमरान मसूद (कांग्रेस) 11. मोहम्मद जावेद (कांग्रेस) 12. मौलाना मोहिबुल्ला (सपा) 13. कल्याण बनर्जी 14. ए राजा 15. एलएस देवरायलु 16. दिनेश्वर कामत 17. अरविंत सावंत (शिवसेना, उद्धव गुट) 18. सुरेश गोपीनाथ (एनसीपी, शरद पवार) 19. नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना, शिंदे गुट) 20. अरुण भारती 21. असदुद्दीन ओवैसी।

## राज्यपाल ने डॉ. मनदीप शर्मा को कुलपति नियुक्त किया

**भोपाल।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा को नियुक्त किया है। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व डीन डॉ. शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की समयावधि अथवा 70 वर्ष की आयु, जो भी पूर्वतर होगी के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है।

## मनीष सिसोदिया को 17 महीने बाद सीबीआई-ईडी केस में जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (9 अगस्त) को जमानत दे दी। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी, दोनों केस में राहत मिली है।

सीबीआई ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। श्रष्ठ ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना उनके स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा।

सिसोदिया आज शाम तक जेल से बाहर आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की ऑर्डर कॉपी राउज रेवेन्यू कोर्ट भेजी जाएगी। वहां सिसोदिया को 10-10 लाख का बेल बॉन्ड भरना होगा।

## ओडिशा में देश का पहला अनाज एटीएम शुरू

### 5 मिनट में 50 किलो अनाज बांट सकता है, इसमें हर राज्य का राशन कार्ड काम करेगा

भुवनेश्वर

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में देश का पहला ग्रेन एटीएम (अनाज वितरण मशीन) लॉन्च हुआ। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लाभार्थियों को 24×7 अनाज देगा।

ओडिशा के खाद्य मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने 8 अगस्त को भारत में वर्ल्ड फूड डिस्ट्रिब्यूशन इवेंट के डिप्टी कंट्री डायरेक्टर नोजोमी हाशिमोतो की मौजूदगी में अन्नपूर्ति एटीएम लॉन्च किया। इसकी खास बता ये है कि यह मशीन 5 मिनट में 50 किलो अनाज बांट सकती है। जल्द ही ओडिशा के बाकी जिलों में भी ऐसे ही एटीएम शुरू किए जाएंगे।

### आसान है मशीन से अनाज लेने की प्रक्रिया

मंत्री पात्रा ने बताया कि ग्रेन एटीएम से अनाज लेने की प्रोसेस बहुत ही आसान बनाई गई है। कोई भी राशनकार्डधारी अपना आधार या राशन कार्ड नंबर दर्ज करके और बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के बाद अनाज ले सकता है। एटीएम चौबीस घंटे चावल/गेहूं वितरित करेगा। अन्नपूर्ति पांच मिनट में 50 किलोग्राम तक अनाज बांट सकती है, जिसमें गलती की



गुंजाइश 0.01% है। मशीन का मॉड्यूलर डिजाइन असेंबली को आसान बनाता है। बिजली से चलने वाला ये एटीएम हर घंटे केवल 0.6 वाट की खपत करती है। इस सोलर पैनल से भी जोड़ा जा सकता है।

2021 में ओडिशा सरकार ने विश्व खाद्य कार्यक्रम के कुछ साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें धान की खरीदी, खाद्य वितरण प्रणाली, ग्रेन एटीएम, स्मार्ट मोबाइल स्टोरेज शामिल थे।

## वायनाड में जमीन से आई रहस्यमयी आवाज, लोगों में दहशत

**वायनाड।** केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड वाले इलाकों में शुक्रवार (9 अगस्त) की सुबह 10.15 बजे जमीन के नीचे से आई रहस्यमयी तेज आवाज से लोग दहशत में है। अधिकारियों ने कहा कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुका में सुबह जमीन के नीचे तेज आवाज सुनाई दी।

वायनाड के डीएम डीआर मेघश्री ने बताया कि घटना के बाद से इलाके के लोग डरे हुए हैं। सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि रिक्टर स्केल में भूकंप के संकेत नहीं मिले हैं। आवाज किस कारण से आई है, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इलाके के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है।

वहीं, वायनाड लैंडस्लाइड पर केरल हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लिया है। जस्टिस जयशंकरन नांबियार और जस्टिस वीएम श्यामकुमार की बेंच ने आज इस पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- यदि पर्यावरण ऑडिट किया गया है तो हमें इसकी रिपोर्ट चाहिए। समस्या यह है कि हमारे पास कई कानून हैं, लेकिन जमीन पर नजर नहीं आते। हम इस मामले पर हर शुक्रवार को सुनवाई करेंगे।

## चुनाव आयुक्त बोले- जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द

**श्रीनगर।** आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हम जल्द चुनाव कराएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार जम्मू कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों में 74 सीटें जनरल और 7 एससी और पहली बार 9 सीटें स्त्र के लिए आरक्षित हैं। साथ ही आगामी चुनाव में कश्मीरी माइग्रेंट्स के लिए दिल्ली, जम्मू और उधमपुर में स्पेशल बूथ बनाए गए हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- चुनावों को प्रभावित नहीं होने देंगे

कोई अंदरूनी ताकत सोचती है कि हम चुनावों को प्रभावित कर देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें यकीन है कि जम्मू-कश्मीर के लोग विभाजनकारी ताकतों को उचित जवाब देंगे।

## महाराष्ट्र में भाजपा आज 3 दिन की संवाद यात्रा निकालेगी



**नई दिल्ली।** बीजेपी आज (9 अगस्त) से महाराष्ट्र में संवाद यात्रा की शुरुआत कर रही है। यह यात्रा 9 से 11 अगस्त तक होगी। महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि संवाद यात्रा के दौरान मंडल लेवल पर 750 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इससे पहले 8 अगस्त को बीजेपी की सहयोगी पार्टी एनसीपी अजित पवार गुट ने डिंडोरी से जनसम्मान यात्रा की शुरुआत की।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों से झूठ बोला कि संविधान बदला जाएगा और आदिवासियों के लाभ छीन लिए जाएंगे। हम लोगों से डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर लोगों से वोट मांगेंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को बताएंगे कि महाविकास अगाढ़ी अगर सत्ता में आई तो लाड़की बहन योजना और कई विकास कार्यों को रोक दिया जाएगा। वहीं, महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजित पवार ने एनसीपी की जनसम्मान यात्रा को लेकर कहा कि हम जनता को भगवान और खुद को जनसेवक मानते हैं। इसलिए ऐसा लग रहा है जैसे हम धार्मिक यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने लोगों को सोलापुर सिंचाई योजना, पुणे मेट्रो, खराड़ी आईटी पार्क, बारामती हाईटेक टेक्सटाइल पार्क जैसी कई प्रोजेक्ट्स दिए है।

## मप्र के 18 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शुक्रवार को राजधानी भोपाल समेत 18 जिलों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हुई। मध्य प्रदेश मौसम विभाग में रीवा सीधी सिंगरौली समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजधानी भोपाल में दोपहर में बारिश हुई हालांकि उसके बाद मौसम साफ रहा। शुक्रवार को सीधी में सबसे ज्यादा पौने दो इंच बारिश हुई। वहीं दमोह और बालाघाट जिले के मलाजखंड में आधा इंच बारिश हुई। रीवा खंडवा में आधा इंच के करीब पानी गिरा। भोपाल, बैतूल, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो, मंडल, रतलाम, सागर, सतना, शिवनी और उमरिया में हल्की बारिश दर्ज की गई।



### अगले दो दिन तक तेज बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार सीधी, सिंगरौली, रीवा, मऊगंज, सतना चित्रकूट, मैहर, शहडोल, उमरिया बांधवगढ़ और कटनी में बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।साथ ही अनूपपुर अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला कान्हा, बालाघाट में मध्यम बारिश होने की संभावना है। सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर भेड़ाघाट, पन्ना, निवाड़ी ओरछा, टीकमगढ़, छतरपुर खजुराहो, सागर, दमोह, विदिशा उदयगिरि, आगरमालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, रायसेन भीमबेटका सांची, खरगोन महेश्वर, खंडवा ओंकारेश्वर, बुरहानपुर, शिवपुरी कूनो, श्योपुर, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया रतनगढ़ और नीमच के साथ-साथ बैतूल, नर्मदापुरम में हल्की बारिश शाम के समय पचमढ़ी, हरदा, भोपाल बैरागढ़, सीहोर, शाजापुर, देवास, उज्जैन महाकालेश्वर, इंदौर, बड़वानी बावनगजा, धार मांडू, मंदसौर, रतलाम, अलीराजपुर और झाबुआ में बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि राजस्थान की ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन सिस्टम एक्टिव है मानसून ट्रंप लाइन भी गुजर रही है अन्य सिस्टम की एक्टिविटी के चलते प्रदेश में अगले दो दिन तेज बारिश होने का अनुमान है, लेकिन 11 से 15 अगस्त तक पूर्वी मध्य प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। जबकि पश्चिमी हिस्से में हल्की गरज चमक और बूंदाबांदी हो सकती है। वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदेश में सीजन की अभी तक 68त्न बारिश हो चुकी है। यह नॉर्मल से 3.9 इंच ज्यादा है। अब तक 21.5 इंच बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन जुलाई और अगस्त में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश भर में तेज बारिश हुई इस कारण बारिश का आंकड़ा 25.4 इंच तक पहुंच गया।

पिछले 24 घंटो के दौरान प्रदेश के उज्जैन संभाग के जिलों में कुछ स्थानो पर भोपाल, इंदौर, चंबल संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर नर्मदापुरम, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई एवं शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम शुष्क रहा ।अधिकतम तापमान भोपाल, नर्मदापुरम संभागों के जिलों में काफी गिरे एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। ग्वालियर संभाग के जिलों में सामान्य से काफी कम रहे। नर्मदापुरम, रीवा, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से कम रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। वे शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे।

# स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता समग्र प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

## नगर को स्वच्छ बनाने के लिए 28 निकायों के प्रतिनिधि करेंगे अपने अनुभव साझा

**सिंगरौली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में निकायों के उत्कर्ष प्रदर्शन केलिए दो दिवसीय 'एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन विंध्य नगर के होटल नीलम में किया गया। पिछले वर्ष नगर निगम सिंगरौली के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट काम किया गया जिसके चलते रीवा और शहडोल संभाग की 28 नगरी निकाय को प्रशिक्षण और संयुक्त रूप से अनुभव साझा करने हेतु सिंगरौली नगर निगम को चुना गया इस दो दिवसीय प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य है कि किस तरह से योजना, नई तकनीकी और गुणवत्ता के साथ काम कर नगर को स्वच्छ और सुंदरता बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निगम आयुक्त डीके शर्मा निगम महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय और एमआईसी की सदस्य शिव कुमारी कुशवाहा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पुष्पगुच्छ से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया उसके उपरांत दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में निगम आयुक्त ने कहा कि 'समग्र स्वच्छता' एक व्यापक विषय है जिसमें हर व्यक्ति की सहभागिता होती है। यहां आए सभी निकायों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि आप सभी लोग इस दो दिवसीय कार्यक्रम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सीखेंगे । हमारी पूरी टीम आपका सहयोग करेगी आप लोग भी अपना फीडबैक और अनुभव साझा करे। ताकि पूर्व में की गई गलतियों को सुधारकर सभी निकायों को बेहतर से बेहतरीन बनाया जा सके। इसके बाद नगर निगम की महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सबको मिलकर एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ाना है । आज के समय हम सबको मिलकर यह सोचने की जरूरत है कि किस तरह हम अपने शहर को साफ रख सकते हैं। निगम के अधिकारी कर्मचारी और नगर के लोग को मिलकर काम करने की जरूरत है। जब हम सब अपनी-अपनी जिम्मेदारियां समझेंगे तो शहर खुद ही साफ स्वच्छ निर्मल दिखने लगेगा। वही निगम अध्यक्ष ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है उन्होंने अपने इंदौर भ्रमण के अनुभव बताए। वहा दुकानदार डस्टबिन रखते हैं और जो लोग यहां वहां कचरा फेकते हैं उनको रोकते और टोकते है। हमारे सिंगरौली में भी हम सभी लोगों को मिलकर यह संकल्प लेना की जरूरत है कि जो भी व्यक्ति यहां वहां गंदगी करेगा उसे हम रोकेंगे और टोकेगे और खुद अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर को साफ स्वच्छ बनाने में सहयोग करेंगे इसके उपरांत पीपीटी के माध्यम से उन सभी बिंदुओं को प्रदर्शित किया गया जिसमें सिंगरौली ने अपना उत्कृष्ट कार्य किया किसके उपरांत सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट अजय सिंह और अमित कुमार सिंह के द्वारा उन तकनीकों और योजना पर चर्चा की गई जो शहर को स्वच्छ और साफ बनाने में सहयोगी होती है। आज का दिन प्रशिक्षण से संबंधित रहेगा स कल 10 अगस्त को 28 निकायों के प्रतिनिधि नगर की सॉलिड बेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, ड्राई बेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, एमआरएफ फैसेलिटीज, सीएनडी प्रोसेसिंग यूनिट, एफएसटीपी पेवर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, एलटीपी और आरआरआर यूनिट्स का भ्रमण करेंगे स प्रशिक्षण और विजिट के उपरांत सभी निकायों के प्रतिनिधियों के द्वारा फीडबैक लिया जाएगा और उनको प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किए जाएंगे इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त आरपी बैस, सीटाडेल प्रबंधक रावेन्द्र सिंह, आईसी मैनेजर आशीष शुक्ला सहित नगरीय निकायो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# आधी रात को शुरू होता है कोयले का काला खेल, एनसीएल को भारी नुकसान पहुंचा रहे माफिया

### नवानगर में कोयले का खूब फल-फूल रहा काला खेल, बगला ईंट-भट्ठा खपाया जा रहा अवैध कोयला



**सिंगरौली।** नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलोरी और निगाही खदानें कोयला माफियाओं के लिए इन दोनों सबसे महफूज ठिकाना बन चुका हैं। नवानगर में कोयला माफिया, स्थानीय अमझर के लोगों के साथ मिलकर कोयले का काला खेल खूब फल-फूल रहा है। अवैध कोयले के जरिए जिले सहित आस पास के लगें जिलें में ईंट-भट्ठे संचालित हो रहे हैं। विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बंगला ईंट भट्ठा में अवैध कोयला का इस्तेमाल किया जा रहा है।

बता दें कि कोयला के इस अवैध कारोबार के कारण सरकार और एनसीएल को राजस्व का काफी ज्यादा नुकसान हो रहा है। हालांकि नवानगर थाना पुलिस ने कोयले के अवैध कारोबार को लेकर हाल के समय में कार्रवाई कर खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश की लेकिन कोयले के अवैध कारोबार में अंकुश नहीं लगा पाई। वहीं पुलिस के ग्रस्त पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस और कोयला माफियाओं के बीच सांठगांठ रहती है। लिहाजा कोयला माफिया के गाड़ियों को अपने थाना क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकालने की जिम्मेदारी को पुलिस वखूवी निभा रही हैं। नए थाना प्रभारी आने के बाद कोयला माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। पुलिस से जुड़े सूत्रों की मानें तो छोटे कारोबारी साइकिल या फिर मोटरसाइकिल के माध्यम से किसी एक स्थान पर कोयला जमा करते हैं। उसे बाद में डंफर के माध्यम से ईंट भट्ठों तक पहुंचाने का काम करते हैं। नवानगर से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में हर दिन लगभग आधा दर्जन अवैध कोयला लदे वाहन पहुंच रहे हैं। हाल ही में 10 टन अवैध कोयला पकड़े जाने के बाद अब नवानगर पुलिस सतर्क हों गई है। पुलिस भी अब किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहती। इसीलिए पुलिस अब कोयले के अवैध कारोबार का तरीका बदल दिया है। सूत्रों की मानें तो नवानगर में कोयले का यह काला खेल अब आधी रात के बाद शुरु होता है। कोयला को आधी रात को पड़ोसी जिले संचालित ईंट भट्ठा में भी पहुंचाया जा रहा है।

### पुलिस को चकमा देने की जाती है रेकी

नवानगर से निकलने के बाद जिले की चौंकी और थाने पड़ते हैं। कोयला माफिया पुलिस की टीम को चकमा देने के लिए पुलिस की रेकी की जाती है। पुलिस की टीम को देखते ही रेकी कर रहे लोग कोयला लदे वाहनों के चालक को सर्तक कर देते हैं। सूचना मिलते ही कोयला वाहनों को सुनसान स्थान या किसी पेट्रोल पंप, गैराज आदि में खड़ा कर दिया जाता है। जिससे यह आसानी से पुलिस की नजर में नहीं आते।

# पुलिस चौकी कुंदवार ने बालक को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** म.प्र. शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, राहुल कुमार सैयाम, एसडीओपी मोरवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जियावन राजेन्द्र पाठक व पुलिस टीम ने बालक को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द। पुलिस के अनुसार चौकी कुंदवार थाना जियावन का गुम इंसान क्रमांक 29/2019 का गुमशुदा बालक त्रिलोक सिंह पिता कृष्ण कुमार सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी अतरवा चौकी कुंदवार थाना जियावन को आज दिनांक 09-08-2024 को पुलिस चौकी कुंदवार पुलिस टीम द्वारा जिला सीधी से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया । उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक बालेंद्र त्यागी चौकी प्रभारी कुंदवार, प्रआर विनय दोहरे, तेज प्रताप टांडिया वंशलाल प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर एवं एसपी द्वारा संयुक्त रूप से किया सासन पावर के ऐस डाईक का निरीक्षण

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से सासन पावर द्वारा निर्मित किये गये ऐस डाईक का निरीक्षण किया गया। तथा सासन पावर के उपस्थित अधिकारियों से डैम के गुणवत्ता के संबंध में सभी विंदुओ पर जानकारी ली गई। साथ ही निर्देश दिये गये कि ऐस डाईक डैम से किसी भी प्रकार की जन धन हानि नही होनी चाहिएं। इसके लिए डैम की निरंतर निगरानी की जाये। डैम में जो कमिया है उनका तत्काल सुधार कराये ताकि अतिवृष्टि के दौरान किसी प्रकार की दुघर्टना घटित न होने पाये।कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हर्रहवा गाव में पहुचकर आम जन मानस से चर्चा कर लोगो का हालचाल जाना तथा



जिन स्थलो पर पानी का भराव था मौके पर ही सात जेसीबी तथा लगभग 100 मजूदरो का लगवाया जाकर भराव वाले पानी की निकासी का कार्य प्रारंभ कराया गया। कलेक्टर ने अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुये ऐसे आवास जहा जल भराव होने की संभावना बनी रहती है उन परिवारो को मौके पर उपस्थित एसडीएम को निर्देश दिये कि इन्हे सुरंक्षित स्थान पर सिफ्ट किया जाये तथा सासन पावर के अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि सिफ्ट किये जाने वाले परिवारो के लिए व्यवस्थित स्थल का तत्कल प्रबंध करे। इनके रहने खाने का उचित प्रबंध कराने में सहयोग करे। साथ ही जल भराव वाले स्थलो से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करे। तथा अनउपयोगी कूपो का भराव कराये। साथ ही पात्र व्यक्तियों को जिन्हे अभी तक पात्रता पर्ची नही मिली है उन्हें पात्रता पर्ची उपलंब्ध कराया जाये। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, एसडीएम सृजन बर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं सासन पावर के वरिष्ट अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनो को मिलेगी विशेष अतिरिक्त राशि

**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2024 को विजय पुर जिला श्योरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को माह अगस्त 2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि एवं रंक्षाबंधन पर्व के उपलंक्ष्य में विशेष आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया जायेगा। वही कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 10 अगस्त अपरान्ह से किया जायेगा। प्रसारण का कार्यक्रम को जिला स्तर के साथ साथ ग्राम पंचायतो में भी देखा एवं सुना जायेगा। वही जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट द्वारा किया जायेगा जिससे वेबकास्ट लिंक के माध्यम से कार्यक्रम में आम जन सम्मिलित हो सकते है । कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के हितग्राही, लाड़ली बहना सेना, शौर्य दल के सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विशेषरूप से सम्मिलित होंगे। ।

# सांसद, प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जिलाध्यक्ष ने मोरवा विस्थापन के विषय को लेकर कोयला मंत्री से की मुलाकात

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह एवं जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा की अगुवाई में मोरवा विस्थापन के विषय में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस सौजन्य मुलाकात में मोरवा विस्थापन पर गहन चर्चा हुई तथा जिलाध्यक्ष ने समस्त पहलुओं पर तैयार एक ज्ञापन कोयला मंत्री को सौंपा। ज्ञापन में में इस बात का उल्लेख था कि ये विस्थापन देश में अब तक का सबसे बड़ा विस्थापन है तथा इसमें हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं इसलिए उनकी बसाहट सुव्यवस्थित तरीके से हो तथा इन परिवारों को नगर निगम क्षेत्र में ही? बसाया जाय। हजारों लोगों का रोजगार तथा उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है? इसलिए उस पहलू पर भी विचार किया जाय। मोरवा क्षेत्र में लगभग 4 हजार दुकानें हैं और उनसे जुड़े परिवारों के पास रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जायेगा तथा शहर में विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं इसी प्रकार से मोरवा वासी प्रस्तावित स्थान पर सारी व्यवस्थाएं चाहते हैं। मोरवा क्षेत्र में बने मकानों एवं अन्य परिसंम्पतियों का मूल्यांकन भी उनकी श्रेणी के हिसाब से किया जाय तथा उसी अनुपात में उचित मुआवजा दिया जाय ऐसी मांग प्रतिनिधि मंडल ने कोयला मंत्री के समक्ष रखी। कोयला मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुवे एवं सभी मांगों पर विचार कर विस्थापन प्रक्रिया को प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है।

# सरई बनियान तालाब में मनाया गया हरियाली तीज का त्यौहार

**सिंगरौली।** सनातन धर्म में हरियाली तीज का त्योहार बेहद भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव और देवी पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक है। मान्यताओं के अनुसार, सुहागिन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी आयु तथा सलामती के लिए कठिन व्रत का पालन करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि इसका पालन करने सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसी क्रम राधाकृष्ण बनियान तालाब सरई में हरियाली तीज पर्व बड़े



ही धूम धाम से मनाया गया। महिलाएं ने काफी बाद चढ़ के हिस्सा लिया इसमें कार्यक्रम मे लगभग 200 महिलाएं शामिल हुई थी मौसम भी काफी सुहाना था इसमें महिलाओं द्वारा जल पान की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान महिला मंडली मे एक महिला सदस्य का जन्मदिन भी था जिस मौके पर महिला बर्थडे सेलिब्रेट भी किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ साथ जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत आज दिनांक 10 अगस्त 2024 को राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से सुबह 10 बजे तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। जिसमें विद्यालयों के छात्र छात्रा सम्मिलित होगे। यह यात्रा (रैली) स्टेडियम से प्रारंभ होकर पशुपालन विभाग के सामने से मस्जिद चौक, तुलसी मार्ग, अम्बेडकर चौक, थाना चौराहा मल्हार पार्क के सामने से होते हुये स्टेडियम में वापस आयेगी। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा अभियान के सफल संचालन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न होगे। वही नोडल अधिकारी के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है। वही शांय 5 बजे लाडली बहनो के द्वारा अटल सामुदायिक भवन बिलौजी से भी तिरंगा यात्रा की रैली निकाली जायेगी। जो अटल सामुदायिक भवन बिलौजी चौक से रिलायंस चौक से महापौर बगला के सामने से होते हुये वापस अटल सामुदायिक भवन बिलौजी वापस होगी।

# केंद्रीय बजट पर भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन सम्पन्न

**सिंगरौली।** केंद्रीय बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 पर भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली का एक बुद्धिजीवी सम्मेलन दिनांक 8 अगस्त को सामुदायिक भवन बैढ़न में सम्पन्न हुआ। इस बुद्धिजीवी सम्मेलन में पार्टी की ओर से मुख्य अतिथि तथा वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी उपस्थित रहे तथा सम्मेलन की अध्यक्षता जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र गोयल, प्रेमवती खैरवार तथा निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय मंचासीन रहे।




जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि इस सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सम्मेलन में उपस्थित समस्त अतिथियों तथा समाज के हर वर्ग से पधारे बुद्धिजीवियों का स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आज केंद्रीय बजट 2024-25 की विशेषताओं के बारे हम सभी आप? बुद्धिजीवियों के बीच आये हैं जहां आपसे हम बजट की विशेषताओं पर चर्चा करेंगे तथा आपकी राय भी जानेंगे। जिस प्रकार समूचे विपक्ष द्वारा एक दुर्भावना के तहत इस सर्वव्यापी बजट कू बारे में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है वो दुखद है। हम आप सभी बुद्धिजीवियों के माध्यम से मोदी सरकार की सर्वस्पर्शी तथा सर्वव्यापी बजट की विशेषताओं को जन जन तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना पर आधारित यह बजट अपने आप में पूर्ण एवं संतुलित है तथा बजट पूरी तरह पारदर्शी है। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार सातवीं बार बजट को पेश करना निरंतरता का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए इस बजट में अपने नियत खर्च के अतिरिक्त सरकार ने अधिक राजस्व प्राप्त करने का भी मार्ग प्रशस्त किया है। पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान केवल खर्च पर केंद्रित रहता था किंतु हमारी सरकार ने आय बढ़ाने पर भी ध्यान दिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अरविंद दुबे ने किया तथा आभार प्रकटन का कार्य बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक विनोद द्विवेदी ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता वशिष्ठ पांडेय, जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, सरोज शाह, आशा यादव, राजेश तिवारी, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, कोषाध्यक्ष हरिदास गुप्ता, जिलामंत्री विनोद चौबे, पूनम गुप्ता, बविता जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, महामंत्री ऋचा सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद चौबे, मंडल अध्यक्ष एक्तिस चंद वैश्य, शारदा शर्मा, एडवोकेट सतेन्द्र शाह, रमाकर सिंह , राकेश सिंह,राजाराम केशरी, आशीष शाहवाल,ज्योति वर्मा, विजय गुप्ता समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों से आये गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय वन मण्डल अधिकारी एवं प्रबंध संचालक वन मण्डल सीधी, जिला सीधी म.प्र.**

कोतवाली रोड सीधी जिला सीधी 486661 (मध्य प्रदेश) E-mail :- dfot.sdh@mp.gov.in

ई-निविदा क्र./ते.प./ 2099 दिनांक 9/8/2024

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

जिला यूनियन सीधी अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री वन धन विकास केन्द्रों हेतु कोदव प्रसंस्करण उपकरण आपूर्ति लिए ई-निविदा M.P. टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है |

| निविदा कार्य - कोदव प्रसंस्करण उपकरण आपूर्ति | | एम.पी. टेंडर क्रमांक - 2024_MPFD_350009_2 | |
|---|---|---|---|
| Publish Date | 09-08-2024 05 PM | Bid Submission Start Date | 12-08-2024 09 AM |
| Document Download / Sale Start Date | 12-08-2024 09 AM | Bid Submission End Date | 21-08-2024 01 PM |
| Document Download / Sale End Date | 21-08-2024 01 PM | Bid Opening Date / Place | 22-08-2024 01 PM |

- इच्छुक व्यापारी गण / संस्था ई निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें | निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/ डेबिट/ कैश कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा |
- निविदा कारों को नियमानुसार पंजीकृत होना अनिवार्य है | निविदा प्रपत्र शुल्क एवं EMD राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जाएगी | निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा | निविदा से संबंधित समस्त जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी |

जी-14826/24

वन मण्डल अधिकारी/ प्रबंध संचालक
वन मण्डल सीधी ( म.प्र. )

# तिरंगा अभियान राष्ट्र के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास व्यक्त करने का जरिया : राजेश

**हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा तिरंगा अभियानः देव कुमार**

**तिरंगे के सम्मान के साथ आयोजित करें तिरंगा यात्राः रीती**




सीधी

भारतीय जनता पार्टी देश भर में तिरंगा यात्रा आयोजित कर रही है। तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास करने का व्यक्त करने का जरिया है। हर कार्यकर्ता को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होना है।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय ने पार्टी कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक मे भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में कहीं। भाजपा जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे ने कहा कि तिरंगा यात्रा की व्यवस्थित संगठन की योजना के अनुसार तैयारी करें। तिरंगा यात्रा शुभ व्यवस्थित एवं भव्य तरीके से आयोजित हो।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जिले भर में तिरंगा यात्रा शानदार ढंग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित होगी। जिसकी तैयारी बैठक और प्रभारी तय हो गए हैं। प्रत्येक पोलिंग बूथ समितियां से लेकर मंडल और जिला स्तर के कार्यकर्ता स्वयं शामिल होते हुए प्रत्येक घर को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल करें।

विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि तिरंगा यात्रा हर भारतीय के लिए उत्साह, जोश, उमंग दिलाने वाली होती है। तिरंगा हमारे हाथ में आते ही राष्ट्रभक्ति का जज्बा हमारे खून में उबाल मारने लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में तिरंगा लहरा रहा है, चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, युद्ध का क्षेत्र हो, हर जगह तिरंगे की शान बढी है। इसलिए हम सभी को 11 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए। इस दौरान संगठन द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर शामिल हो।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान ने कहा कि तिरंगा यात्रा हम सभी के लिए उत्साहवर्धक होती है। इसके माध्यम से पूरा देश, देश भक्ति के रंग में रंग जाता है। तिरंगा यात्रा की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का विस्तृत ब्यूरो जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अनिल पांडे ने दिया। टोली के सदस्य सरस्वती बहेलिया, राकेश मौर्य, निशांत मिश्रा बनाए गए है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ मनोज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, मोर्चे के प्रदेश मंत्री नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, प्रमोद द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, सुरेश सिंह, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, जिला मंत्री अमित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, राजमणि साहू, लोरिक प्रसाद यादव, और सभी मंडलों के मंडल पदाधिकारी एवं आयोजन टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त

**सीधी।** सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 16 अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चित ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ ले पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति मे फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 16 अगस्त 2024 तक फसलों का बीमा करा सकते है। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 16 अगस्त तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि सीधी संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार 860 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 817.20 रूपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 855 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 617.10 रूपये है।

अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 411 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 608.22 रूपये है, मक्का फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 29 हजार 586 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 597.12 रूपये है मूग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 328 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 426.56 रूपये है। उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 735 रूपये जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 434.70 रूपये हैं। तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 597 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 471.94 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 316.06 रूपये है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 16 अगस्त 2024 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण ने लेने वाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहां कृषक का बैंक खाता है, के माध्यम से नजदीकी सीएससी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते है।

# आजीविका मिशन द्वारा संचालित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्रों को मिला आईएसओ अवार्ड



**सीधी।** आजीविका मिशन द्वारा संचालित एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी एवं मां काली सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र मझौली को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राहुल घोटे, जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र सिंह, आईएसओ संस्था के सलाहकार भूपेंद्र द्विवेदी एवं कश्यप मिश्र की उपस्थिति में आईएसओ अवार्ड प्रदान किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु जिला पंचायत सीईओ द्वारा संस्था के प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में बेहतर कार्य करने हेतु सुझाव दिए गए। इस अवसर पर जिला प्रबंधक सूक्ष्म उद्यम शैलेंद्र द्विवेदी, विकासखंड प्रबंधक सीधी अशोक पाण्डेय, विकासखंड प्रबंधक कुसमी सुरजीत सिंह तोमर, सहायक विकासखंड प्रबन्धक भरत सोनी एवं दोनों सीटीसी के कार्य करिणी के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 656.1 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा कुसमी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 09 अगस्त को सीधी जिले में 29.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 69.5 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 53.0 मि.मी., सिहावल में 5.4 मि.मी., बहरी में 17.0 मि.मी., मझौली में 18.0 मि.मी. और कुसमी में 40.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 656.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 09 अगस्त तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 828.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 765.2, चुरहट में 548.8, गोपद बनास में 622.0, सिहावल में 629.2, बहरी में 571.8 और मझौली में 628.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 468.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 188.1 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# कोई भी बोरबेल खुला न मिले अन्यथा क्षेत्रीय अमले के विरूद्ध की जायेगी कड़ी कार्यवाही : कलेक्टर

**सिंगरौली।** ग्रामीण क्षेत्रो में चाहे शासकीय या प्राईवेट बोरवेल खुले न हो यदि खुला पाया गया तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाही की जायेगी। अपने अपने पंचायत क्षेत्रो के अंतर्गत ऐसे भवन जो शासकीय हो या प्राईवेट हो यदि जर्जर की स्थिति में है उसका सर्वे कर दिया जाना सुनिश्चित करे। ताकि किसी भी प्रकारकी जन हानि पशु हानि ऐसे भवनो से न हो सके उक्त आशय का निर्देश देवसर विकास खण्ड क्षेत्रांतर्गत उपखण्ड अधिकारी के कार्यालय में आयोजित राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारियो, सचिव, रोजगार सहायको के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा राजस्व महाअभियान के प्रगति की जानकारी के साथ साथ उपखण्ड क्षेत्रांतर्गत जर्जर भवनो, बोरवेल ढकने, कूपो के जगत निर्माण के प्रगति के संबंध में देवसर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। बैठक में उपस्थित राजस्व एवं पंचायतों के कर्मचारियो से पंचायतवार जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्रो मे घर घर जाकर वास्तु स्थिति की जानकारी ले। साथ ही ऐसे कृषक जिनका ई केवाईसी नही हो पा रही है उनकी ई केवाईसी बायोमैट्रिक के माध्यम से पूर्ण करे जिन रोजगार सहायक के पास बायोमैट्रिक नही है तत्काल उपलंब्ध कराये। तथा शेष बचे हुये किसानो का ई केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करे बैठक के दौरान कलेक्टर के द्वारा राजस्व महाअभियान के प्रगति की जानकारी हल्केवार पटवारियो से नामातरण, वटनवारा, नक्शा तरमीम सहित अभियान में अंकित विंदुओ के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात ऐसे हल्का पटवारी जिनकी प्रगति संतुष्टि पूर्वक नही है उन्हें कड़े निर्देश दिये गये कि सात दिवस के अंदर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करे आगामी बैठक में मुझे शत प्रतिशत लक्ष्य चाहिए। कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारी एवं उपस्थित तहसीलदारो, नायब तहसीलदारो को इस आशय के निर्देश दिये कि अपने स्तर से प्रति दिवस अभियान के प्रगति की समीक्षा करे।

जिन पटवारियों के साथ साथ अभियान में लगे हुये पंचायतो के सचिव, रोजगार सहायको का कार्य निराकरण में उतकृष्ट हो उन्हे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करने हेतु नामांकित करे जिनके द्वारा कार्य की प्रगति लक्ष्य के अनुसार नही दी जा रही है कार्य में लापरवाही की जा रही है उनके विरूद्ध कार्रवाही किया जाना सुनिश्चित करे।

# हर घर, हर डी पी में हो तिरंगा : सांसद

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होते हुए अपनी सोशल मीडिया प्लेट फार्म की डीपी में तिरंगा लगाकर इस अभियान में शामिल हुए। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी डी पी बदलने के बाद में तिरंगा डी पी लगाने के पश्चात सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में तिरंगा लहरा रहा है तिरंगा हमारी पहचान और हम भारतवासियों का गौरव है। इसे देखकर हर भारतवासी के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है। इस दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। आप सभी से आग्रह है कि अपनी-अपनी डी पी में तिरंगा लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रभक्ति की मुहिम में शामिल हो।

# सीएम राइज स्कूल भवनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं : कलेक्टर

## सीएम राइज स्कूल भवनों के निर्माण की धीमी गति पर कलेक्टर ने व्यक्त की नाराजगी

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने सीएम राइज स्कूल भवनों का निर्माण गुणवत्ता के साथ तथा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश निर्माण एजेन्सियों को दिए हैं। कलेक्टर ने निर्माण एजेन्सियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सीएम राइज स्कूलों के भवन निर्माण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सीएम राइज स्कूल भवनों का कार्य समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल भवनों के निर्माण की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि सीएम राइज स्कूलों के निर्माण में जो एजेंन्सियां धीमी गति से कार्य कर रही हैं उन्हें कारण बताओ नोटिस दें तथा निर्माण एजेन्सियों की जवाबदेही तय करते हुए निर्माण एजेन्सियों को समय सीमा में कार्य करने के लिए निर्देशित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाएं और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सीएम राइज स्कूलों के निर्माण मे किसी भी प्रकार का गतिरोध होने पर निर्माण एजेन्सियों और संबंधित विभाग के अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से समन्वय स्थापित कर गतिरोध दूर कर सकते है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सीएम राइज स्कूलों का निर्माण कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से समय सीमा में पूर्ण कराएं अन्यथा निर्माण एजेन्सियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने उक्त निर्देश आज सीएम राईज स्कूल भवनों की प्रगति की समीक्षा बैठक में निर्माण एजेन्सियों और अधिकारियों को दिए ।

बैठक में सीएम राइज स्कूलों की विकासखण्ड वार समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम राइज स्कूल भवनों के निर्माण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है इस कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध अथवा बहाना नहीं चलेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम राइज स्कूल भवनों का निर्माण समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक कराने के लिए शहडोल जिले में इंजीनियरों की टीम गठित करें, यह टीम सतत रूप से निर्माणाधीन स्कूल भवनों का निरीक्षण करेगी तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का प्रतिवेदन समय समय पर प्रस्तुत करेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों और संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों को भी निर्देश दिए है कि वे सीएम राइज स्कूल भवनों की निर्माण की प्रगति से उन्हें समय समय पर अवगत कराएंगे।

# विस्थापितों के साथ नहीं होगा अन्याय, केंद्रीय मंत्री ने दिया आश्वासन : डॉ राजेश



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी जी से भेंट कर सिंगरौली जिले के जयंत में विस्थापन की समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

कोयला मंत्री श्री रेड्डी से मुलाकात करने के पश्चात सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सिंगरौली जिले की कई परियोजना में कोयले के खनन का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना से विस्थापित लोगों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। सब को उचित दर पर नियमानुसार सभी प्रकार के मुआवजे व अन्य प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगे। इसी संदर्भ में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री रेड्डी से विस्तृत मांगों का पत्र ज्ञापन के रूप में सौप कर क्षेत्र वासियों की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री जी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की प्राथमिकता हमारे लिए सर्वोपरि है। किसी के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह , सिंगरौली भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पानी का ज्यादा बहाव होने पर पुल, रपटो को न करें पार : एसडीएम

## बाढ़ में फंसे लोगों को पहुंचाया गया सुरक्षित स्थान

शहडोल

कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बाढ़ आपदा से बचाव हेतु मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा लोगों को हर तरह की सहायता प्रदान की जा रही है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि अनुभव क्षेत्र जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड्डी में कठना नदी के पुल में ज्यादा पानी होने के कारण कुछ लोग फस गए थे जिन्हे मैदानी अमले द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। साथ एसडीएम ने लोगों ने अपील की है कि अति वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुल पुलियों, रपटों में पानी का ज्यादा बहाव होने पर पार न करें तथा बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें तथा गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूंए। बारिश में साफ़ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें तथा इन स्थलों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि बरसात के समय बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें।

# भारी बारिश की संभावना देखते हुए विद्यालयों में 10 अगस्त को अवकाश घोषित

सीधी

मौसम विभाग द्वारा दिनांक 10.08.2024 को (रेड जोन) भारी बारिश एवं बिजली गिरने की संभावना की चेतावनी जारी की गई है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय, सी.बी.एस.ई. एवं नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को उक्त दिवस का अवकाश घोषित किया गया है।

# जल जंगल जमीन पर आदिवासी समाज का अधिकार : ज्ञान

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सलैहा में आयोजित हुआ आदिवासी सम्मेलन



**सीधी।** गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों के धर्म संस्कृत भाषा एवं अधिकारों की रक्षा करने उनके ऊपर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री श्रीमती प्रीति पटेल के मुख्य आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के विशिष्ठ आतिथ्य में सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम सलैहा में आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने उक्त अवसर पर आदिवासी समाज की माताओं बहनों एवं युवाओं को सम्मानित किया एवं गोंडी समाज के मंदिर निर्माण हेतु 51000 की राशि दान की सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार के ऊपर आदिवासियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी समाज को अपने धर्म संस्कृत भाषा और रीति रिवाज के संरक्षण करने का अधिकार है उन्हें उनके अधिकारों से वंचित नही किया जा सकता है आयोजन समिति द्वारा किया गया है यह आयोजन आदिवासी समाज के उत्थान के लिए बहुत प्रभावी साबित होगा लेकिन आज आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति की रक्षा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है भाजपा आदिवासियों के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है उनके खिलाफ अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं मध्य प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जिसमें आदिवासियों के मान सम्मान और उनके अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के 18 साल के शासनकाल में आदिवासियों पर 30 हजार से अधिक अत्याचार के मामले सामने आए हैं. ये तस्वीर शर्मसार करने वाली है.आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में मध्य प्रदेश अव्वल है उन्होंने सीधी जिले के पेशाब कांड का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी के हित की लड़ाई लड़ी न्याय दिलाया लेकिन भाजपा सरकार ने उस घटना से सबक नहीं लिया और इसी प्रकार की घटना की पुर्नवृत्ति नरसिंहपुर में देखने को मिली,सीधी जिले में ही छात्रवृत्ति का झांसा देकर सात आदिवासी छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई सिवनी इंदौर में भी आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाएं घटित हुई यह कोई नई बात नहीं है मध्य प्रदेश में ऐसी घटनाएं आदिवासी भाइयों के साथ आए दिन घटती रहती हैं । लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार को कोई शर्म महसूस नहीं हो रही। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस ने सदैव आदिवासियों के हितों को आगे रखकर काम किया है कुंवर अर्जुन सिंह दाऊ साहब के मुख्यमंत्रित्व काल में एक बत्ती कनेक्शन इंदिरा आवास योजना तेंदूपत्ता पर बोनस आदिवासियों को दिया गया जल जंगल जमीन पर उन्हें अधिकार दिया गया जो जहा बसा था उन्हें उसका पट्टा दिया सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से प्रति परिवार 35 किलो अनाज दिया गया मनरेगा के माध्यम से उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया गया जिससे पलायन रुका।

## संपादकीय

### बेमिसाल विनेश

विमिन रेसलर विनेश फोगाट ने जिस तरह से पैरिस ओलिंपिक के 12वें दिन फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा और फिर डिस्क्वॉलिफाई कर दी गईं, वह किसी सदमे से कम नहीं। पूरा देश जैसे उनकी उपलब्धि पर झूम उठा था, वैसे ही उन्हें अयोग्य घोषित किए जाने पर शोक और गुस्से से भर गया। हालांकि इस तरह का घटनाक्रम किसी भी स्पोर्ट्सपर्सन के लिए दुखद होता, लेकिन विनेश फोगाट जिस तरह का जज्बा दिखाते हुए यहां तक पहुंची थीं, उसमें देश ही नहीं दुनिया भर के खेल प्रेमियों की भावनाओं का उनके साथ जुड़ जाना बिल्कुल स्वाभाविक था। खासकर इसलिए कि मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि से वंचित किया जाना किसी के लिए भी आसानी से हजम होना मुश्किल है। इससे पहले विनेश ने साथी पहलवानों के साथ कुश्ती के क्षेत्र में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण जैसा गंभीर आरोप लगाने का मतलब था करियर दांव पर लगाना। हालांकि उस मामले में कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं और अदालत के फैसले का इंतजार है। लेकिन इन सबके बावजूद ओलिंपिक में अयोग्य करार दिए जाने से पहले का विनेश का प्रदर्शन दिखाता है कि उनमें कितनी हिम्मत है। यह भी तय है कि कुश्ती महासंघ के खिलाफ आवाज उठाकर उन्होंने इसके तत्कालीन कर्ता-धर्ताओं की नाराजगी मोल ली थी। इससे यह भी समझा जा सकता है कि खेल ढांचे का एक हिस्सा विनेश के साथ सहज नहीं महसूस कर रहा होगा और उन्हें पैरिस ओलिंपिक की अपनी पूरी यात्रा प्रतिकूल माहौल में तय करनी पड़ी होगी। यह संघर्ष का उनका जज्बा ही था जिसमें उन्होंने 50 किलोग्राम कैटिगरी की वर्ल्ड और ओलिंपिक चैंपियन युई सुसाकी तक को पराजित कर दिया, जो 82 मैचों से अजेय थीं। यह बात कई कोनों से उठ रही है कि 100 ग्राम ज्यादा वजन निकलना खुद रेसलर की नहीं बल्कि सपोर्ट स्टाफ की कमी का नतीजा कहा जाएगा। कुश्ती महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भी है कि सपोर्ट स्टाफ द्वारा अपना काम ठीक से न करने संबंधी शिकायतों की जांच की जाएगी।

**केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं।**

# भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु अशांति फैलाने के हो रहे हैं प्रयास

(प्रह्लाद सबनानी)

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत की लगातार तेज हो रही आर्थिक प्रगति पर विश्व के कुछ देश अब ईर्ष्या करने लगे हैं एवं उन्हें यह आभास हो रहा है कि आगे आने वाले समय में इससे उनके अपने आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस सूची में सबसे ऊपर चीन का नाम उभर कर सामने आ रहा है। और फिर, चीन की अपनी आर्थिक प्रगति धीमी भी होती जा रही है। दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ोसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं। अतः कई देश अब यह सोचने पर मजबूर हुए हैं कि चीन+1 की नीति का अनुपालन ही उनके हित में होगा। अर्थात, यदि किसी उद्योगपति ने चीन में अपनी एक विनिर्माण इकाई स्थापित की है तो आवश्यकता पड़ने पर उसके द्वारा अब दूसरी विनिर्माण इकाई चीन में स्थापित न करते हुए इसे अब किसी अन्य देश में स्थापित किया जाना चाहिए। यह दूसरा देश भारत भी हो सकता क्योंकि भारत अब न केवल 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करता हुआ दिखाई दे रहा है बल्कि भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं। यह समस्याएं केवल आर्थिक क्षेत्र में खड़ी नहीं की जा रही हैं बल्कि सामाजिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में भी खड़ी करने के प्रयास हो रहे हैं।

सबसे पहिले तो कुछ देश प्रयास कर रहे हैं कि भारत में किस प्रकार सामाजिक अशांति फैलायी जाए। इसके लिए भारत की कुटुंब प्रणाली को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश में विभिन्न टीवी चैनल पर इस प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं जिससे परिवार के विभिन्न सदस्यों के बीच आपस में छोटी छोटी बातों में लड़ने को बढ़ावा मिल रहा है। इन सीरियल में सास को बहू से, ननद को देवरानी से, छोटी बहिन को बड़ी बहिन से, एक पड़ौसी को दूसरे पड़ौसी से,



संघर्ष करते हुए दिखाया जा रहा है। इन सीरियल के माध्यम से भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को हावी होते हुए दिखाया जा रहा है। जबकि भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति हमें संयुक्त परिवार में आपस में मिलजुल कर रहना सिखाती है, त्याग एवं तपस्या की भावना जागृत करती है एवं परिवार के छोटे सदस्यों द्वारा अपने बड़े सदस्यों का आदर करना सिखाती है। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी सभ्यता के अंतर्गत संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं वे तो व्यक्तिगत स्तर पर केवल अपने आर्थिक हित साधते हुए नजर आते है। पश्चिमी देशों के इन प्रयासों से आज कुछ हद तक भारतीय समाज भी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित होता हुआ दिखाई देने लगा है। आज विकसित देशों के परिवारों में बेटे के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात वह परिवार से अलग होकर अपना परिवार बसा लेता है। अपने बूढ़े माता पिता की देखभाल भी नहीं कर पाता है। इसके चलते इन देशों में सरकारों को अपने प्रौढ़ वर्ग के नागरिकों के देखरेख करनी होती है और इनके लिए सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलानी पड़ती है। आज इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या के लगातार बढ़ते जाने से सरकार के बजट पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि भारत में संयुक्त परिवार की प्रथा के कारण ही इस प्रकार की कोई समस्या दिखाई नहीं दे रही है। अतः पश्चिमी देशों द्वारा भारत की कुटुंब प्रणाली को अपनाए जाने के स्थान पर इसे भारत में भी नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

दूसरे, कई देश अब भारत में सामाजिक समरसता के तानेबाने को भी विपरीत रूप से प्रभावित करने के प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से हिंदू समाज में विभिन्न मत, पंथ मानने वाले नागरिकों को आपस में लड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन्हें आपस में बांटा जा सके और भारत में अशांति फैलायी जा सके तथा जिससे देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके। भारत के इतिहास पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि भारत में जब जब सामाजिक समरसता का अभाव दिखाई दिया है तब तब विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों को भारत में अपना शासन स्थापित करने में आसानी हुई है। उन्होंने 'बांटो एवं राज करो' की नीति के अनुपालन से ही भारत के कुछ भू भाग पर अपनी सत्ता स्थापित की थी। अब एक बार पुनः इसी आजमाए हुए नुस्खे को पुनः आजमाने का प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह जातिगत जनगणना करने के नाम पर हो अथवा समाज के विभिन्न वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर किये जाने वाले आंदोलनों की बात हो।

तीसरे, कई देशों द्वारा भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य देशों में भी अस्थिरता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सबसे ताजा उदाहरण बांग्लादेश का लिया जा सकता है जहां हाल ही में सत्ता परिवर्तन हुआ है। अब बांग्लादेश में अतिवादी दलों के हाथों में सत्ता की कमान जाती हुई दिखाई दे रही है इससे अब बांग्लादेश में भी आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। मालदीव में पूर्व में ही भारत विरोध के नाम पर अतिवादी दलों ने सत्ता हथिया ली है, जो वहां भारत 'गो बैक' के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं चीन के साथ अपने राजनैतिक रिश्ते स्थापित कर रहे हैं। नेपाल में भी हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद वे चीन के करीब जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। श्रीलंका पूर्व में ही राजनैतिक अस्थिरता के दौर से गुजर चुका है। पाकिस्तान तो घोषित रूप से अपने आप को भारत का दुश्मन देश कहलाता है। अफगानिस्तान में भी तालिबान की सत्ता स्थापित हो चुकी है, हालांकि अफगानिस्तान ने भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है।

कुल मिलाकर भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने हेतु कुछ देशों द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में अशांति फैलाकर ये देश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भारत में आने से रोकने के प्रयास कर रहे हैं ताकि विदेशी कम्पनियां भारत में विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित हों और देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण कर ले। इस प्रकार के माहौल में आज भारत के आम नागरिकों में देश प्रेम का भाव जगाने की सबसे अधिक आवश्यकता है एवं विभिन्न समाजों एवं मत पंथ को मानने वाले नागरिकों के बीच आपस में भाई चारा स्थापित करने की भी महती आवश्यकता है। अन्यथा, एक बार पुनः विदेशी ताकतें भारत की आम जनता को आपस में लड़ा कर इस देश पर अपना शासन स्थापित करने में सफल हो सकती हैं। परंतु, हर्ष का विषय है कि भारत में कई सांस्कृतिक संगठन अब कुछ देशों की इन कुटिल चालों से भारत की आम जनता को अवगत कराने के प्रयास करने लगे हैं एवं समाज की सज्जन शक्ति भी अब इन बातों को जनता के बीच ले जाकर उन्हें इस प्रकार के कुत्सित प्रयासों के परिणामों से अवगत कराने लगी हैं और कुछ हद तक इसका आभास अब आम जनता को होने भी लगा है। (लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )

# निरंकुशता के कारण हसीना का निष्कासन

(ललित गर्ग)

शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया।

बांग्लादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसूना करने से पनपे विद्रोह, आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लम्बे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसूना करने के कारण ही हसीना आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बांग्लादेश बेहाल हो गया, हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया, एक विस्कोटक स्थिति बनी, क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धान्त है कि आदर्श ऊपर से आते हैं, क्रांति नीचे से होती है। बांग्लादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी, बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड, हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये, सरकारी सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। निश्चित ही पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। बीजिंग और नई दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं।

हालांकि, शेख हसीना के खिलाफ उपजे आक्रोश के मूल में तात्कालिक कारण अतार्किक एवं असंगत आरक्षण ही रहा, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल व उनके आनुषंगिक संगठन सरकार को उखाड़ने के लिये बाकायदा मुहिम चलाये हुए थे। दरअसल, वर्ष 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के दमनकारी शासन से आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी के रिश्तेदारों के लिये उच्च सरकारी पदों वाली नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध छात्रों ने किया। उनका तर्क था कि उनकी कई पीढ़ियां आरक्षण का लाभ उठा चुकी हैं, फलतः बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। लेकिन इस आंदोलन को हसीना सरकार ढंग से संभाल नहीं पायी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया था, लेकिन सरकार इस संदेश को जनता में सही ढंग से नहीं पहुंचा सकी। फिर छात्र नेताओं की गिरफ्तारी ने आंदोलन को उग्र बना दिया। जनाक्रोश के चरम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आक्रामक भीड़ ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तक को तोड़ दिया। निस्संदेह, सत्ता से चिपके रहने के लिये किए जाने वाले निरंकुश शासन की परिणति जनाक्रोश एवं जनान्दोलन के चरम के रूप में सामने आता ही है।

ताजा घटनाक्रम एवं हिंसक आंधी श्रीलंका में 2022 के विरोध प्रदर्शन की याद ताजा कर गया, जिसमें वहां राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से उतरकर विदेश भागने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, फिलहाल बांग्लादेश में सेना ने कमान अपने हाथ में ली है लेकिन आने वाली सरकार को उच्च बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना होगा। नयी व्यवस्था एवं सोच में व्यापक सकाकरात्मक परिवर्तन हो, विदेशी ताकतों विशेषतः पाकिस्तान की कठपूतली बनने से बचना होगा। हालांकि, भारत के हसीना सरकार से मधुर संबंध थे, भारत बांग्लादेश का सबसे करीबी, सहयोगी और दुख के दिनों का साथी रहा है। शेख हसीना बांग्लादेश के बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। 1975 में परिवार के ज्यादातर सदस्यों के साथ एक सैन्य तख्तापलट में उनकी मौत हो गई थी। लेकिन शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस वक्त जर्मनी में थी। इसलिए जिंदा बच गई थी। तब तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख हसीना और उनकी बहन को भारत बुलाया था एवं संरक्षण प्रदान किया था। लेकिन हालिया उथल-पुथल को देखते हुए हमें अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। पाकिस्तान परस्त बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आसन्न वापसी भारत के लिये सावधान होकर अग्र-स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देने की है। बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस देश के अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

## वर्ग पहेली 5457

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | 8 | ■ | 9 | | ■ | |
| ■ | 10 | | 11 | | ■ | 12 | |
| 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | | 19 |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 24 सितंबर 1979 को इस देश ने संविधान अपनाया (2)
3. 1983 का प्रुडेंशियल कप (विश्वकप) क्रिकेट इस क्रिकेटर के नेतृत्व में भारत ने जीता था (5)
7. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास (3)
9. एक मोटा वस्त्र, सपटा (2)
10. क से ह तक की वर्णमाल (4)
12. सूर्य, पुत्र (अंग्रेजी)(2)
14. सप्ताह का दिन (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
18. कोलकात के समीप स्थित प्रसिद्ध शिवलिंग (शिवपुराणानुसार)(5)
20. पुराणानुसार इंद्र के सारथि का नाम (3)
21. जिसे प्यास लगी हो (2)
22. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
24. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
25. विमान पथ, धावन पथ (3)
26. काबिल, योग्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ग्रीष्म अनुभूति, धूप (2)
2. व्यर्थ, बेमतलब, बेफिजूल (3)
4. झपोला, विविध भारती से प्रसारित कार्यक्रमों में से एक (3)
5. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
6. वादा, इकरार (3)
8. एक वात रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है, पक्षाघात (3)
11. भाद्रपद के शुक्ल तृतीय को महिलाओं का व्रत विशेष जिसमें निर्जला रहकर रात्रि जागरण कर भजन आदि करती है (5)
13. दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
15. ऊंट, बैल आदि की नाक में बंधी हुई रस्सी (3)
17. भयंकर युद्ध (4)
19. करूणा, दया, तरस (3)
21. प्रेम, मुहब्बत, इश्क (2)
23. दिल्ली की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम)(2)
24. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल (2)

### वर्ग पहेली 5456 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ला | ब | ■ | सो | म | ना | थ |
| ल | ल | क | ■ | म | द | न | ■ |
| ब | च | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | सा |
| द | ■ | ■ | मु | ग | ल | का | ल |
| न | ई | दु | नि | या | ■ | ति | ■ |
| ■ | द | म | ■ | ना | ग | ब | ल |
| आ | ग | ■ | क | ■ | री | ■ | ग |
| सा | ह | ज | हां | ■ | व | न | ना |

# भारतीय हॉकी के 'संकटमोचक' साबित हुए श्रीजेश

(अंशुल तलमले)

श्रीजेश ने अपने चौथे ओलंपिक खेलों से पहले ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब तक धनराज पिल्लै ने ही चार ओलंपिक, चार विश्व कप, चैम्पियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों में भाग लिया।

टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद जो इज्जत, जितनी शोहरत और जितना प्यार भारतीय क्रिकेट टीम को मिला था, 8 अगस्त को भारतीय हॉकी टीम भी उतनी की ही हकदार है। स्टिक थामे ब्लू जर्सी वाले इन लड़कों ने कमाल कर दिया। जैसे रोहित शर्मा की टीम राहुल द्रविड़ के लिए खेली थी, ठीक वैसी ही विदाई अपनी हॉकी टीम ने श्रीजेश को दी। इधर स्पेन को 2-1 से हराकर भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता और उधर लड़कों ने पीआर श्रीजेश के सजदे में सिर झुका लिया। उन्हें अपने कंधों पर उठा लिया। केरल के 36 साल के इस जोशीले लड़के को ऐतिहासिक विदाई मिली है।

### भारतीय इतिहास के महानतम गोलकीपर

ओलंपिक शुरू होने से पहले ही श्रीजेश ने ऐलान कर दिया था कि ये उनका आखिरी इंटरनेशनल टूर्नामेंट है। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर श्रीजेश को सुनहरी विदाई देना ही अपना एकमात्र लक्ष्य बना लिया। जर्मनी ने सेमीफाइनल में सपना तोड़ा तो स्पेन से इसका बदला ले लिया गया। अपने 18 साल लंबे करियर में 'मजबूत दीवार' की तरह उभरे केरल के श्रीजेश शायद भारतीय हॉकी इतिहास के महानतम गोलकीपर माने जाएंगे। स्पेन के खिलाफ इस मैच में पीआर श्रीजेश ने छह में से पांच गोल बचाए। मैच के बाद उन्होंने विश्वास करने के लिए देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**धीरे-धीरे टीम की जरूरत बनते गए श्रीजेश** - कोलंबो में 2006 में दक्षिण एशियाई खेलों के जरिये भारत की सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले श्रीजेश 2011 तक एड्रियन डिसूजा और भरत छेत्री जैसे सीनियर गोलकीपरों के रहते टीम में स्थायी जगह नहीं पा सके। वह 2011 से टीम के अभिन्न अंग बने और 2014 एशियाई खेल फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ दो पेनल्टी स्ट्रोक बचाकर स्टार बने। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा और ओलंपिक, विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, प्रो लीग सभी टूर्नामेंटों में उनका जलवा रहा। खेल रत्न, पद्मश्री , विश्व के सर्वश्रेष्ठ एथलीट, एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी , 336 अंतरराष्ट्रीय मैच उनकी उपलब्धियों की गवाही खुद ब खुद देते हैं। हरमनप्रीत सिंह ने की हॉकी टीम को सपोर्ट की अपीलओलंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में सबसे बड़ा योगदान कप्तान और सरपंच के नाम से मशहूर हरमनप्रीत सिंह को जाएगा, जिन्होंने कुल 11 गोल मारे। इस ऐतिहासिक जीत के बाद उन्होंने देशवासियों से एक अपील की। हरमन ने कहा, 'एक विनती है देश के लोगों से, हॉकी को भी प्यार दीजिए, हम आगे भी कोशिश करेंगे कि मेडल जीतते रहेंगे।'

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन शुभ है और कारोबार में जोखिम लेने से आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। अगर आप निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो कर सकते हैं। आपको लाभ मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। जमीन जायदाद का सौदा करने से पहले हर मामले में जांच परख कर लें। मन में प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ**
आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आजीविका के क्षेत्र में आपका अनुभव काम आएगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। मेहनत करने पर आपको कुछ नया हासिल होगा।

**मिथुन**
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपके लिए ऑफिस का माहौल भी खुशनुमा रहेगा। आपके ऑफिस का माहौल अच्छा रहेगा और आपके काम में सुधार होने से बॉस की तरफ से तारीफ के बोल सुनने को मिलेंगे। आपका काम करने का मन करेगा और सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है, वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। करियर के मामले में कोई फैसला न करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। कोई रिस्क न लें, वरना आपकी हानि हो सकती है।

**सिंह**
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपका दिन काफी मेहनत से भरा होगा और आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सेहत के मामले में लाभ होगा। मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। आप बस इन पर फोकस करें।

**कन्या**
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से खुशी होगी। यदि आपके पास समय की कमी है तो आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी। आप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने काम करें।

**तुला**
आज दिन शुभ है। नौकरी में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी आ सकता है। सावधान रहें और बाहरी लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। कामधंधे को निवेश बढ़ाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सभी कार्य में सकारात्मक मिलने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। किसी निर्णय के परिणाम आपके हित में आ सकते हैं। दूसरों के द्वारा परोपकार करना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**धनु**
आज दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपका दिन सफलता में बीतेगा। कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने के शुभ योग बन रहे हैं। किसी विवाह योग्य परिवार के सदस्य की रिश्ते की बात आज हो सकती है। घर में आदर सत्कार से आपको लाभ होगा। घर की साफ सफाई का भी ध्यान रखें तो आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

**मकर**
आज दिन लाभ से भरा होगा। मित्रों के साथ किसी कारण से तनाव हो सकता है। आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति भी आपको लाभ देगा। आपके जीवन में शुभ समाचार आएंगे और आपके पूरे घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। करियर के मामले में आपको लाभ होगा और आपको शुभ अवसर आ सकते हैं।

**कुंभ**
आज लाभ होगा और आपका दिन मानसिक परेशानी और थकान वाला हो सकता है। बुरे लोगों की संगत से बचें तो आप फायदे में रहेंगे। मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको पैसों के मामले में किसी प्रकार का रिस्क लेने की जरूरत नहीं है।

**मीन**
आज करियर को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। इस मामले में सावधान रहें और किसी की बात पर यकीन न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नितिन गडकरी और हरीश रावत ने मनु भाकर को दी बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतकर भारतीय स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रचा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने मनु भाकर से मिलकर उनको बधाई दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मनु भाकर से मुलाकात की और पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने पर उनको बधाई दी। उन्होंने भाकर की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही गडकरी ने उनकी निरंतर सफलता और भविष्य में कई उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गौरव का स्त्रोत बताया। दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय महिला शूटर मनु भाकर और उनके माता-पिता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनको पेरिस ओलंपिक में मिली जीत की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीते हैं। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में महिला एकल और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित युगल प्रतिस्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते हैं। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

### अवैध खनन को नहीं रोकने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**जयपुर, एजेंसी।** हाईकोर्ट ने डीग की पहाडी तहसील में हो रहे अवैध खनन को नहीं रोकने के मामले में मुख्य सचिव, प्रमुख खान सचिव, खान निदेशक, संभागीय आयुक्त, डीग कलेक्टर और एसपी सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश विजय मिश्रा व अन्य की जनहित याचिका पर दिए। एडवोकेट डीडी खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि पहाडी तहसील में बडी संख्या में अवैध खनन किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए स्थानीय निवासी फरवरी, 2019 से लेकर अब तक कई बार प्रशासन और पुलिस को शिकायत कर चुके हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने यहां दौरा कर अवैध खनन माना, लेकिन उसे रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने मामले की सीबीआई जांच के लिए भी अधिकारियों के समक्ष गत माह अभ्यावेदन दिया था, लेकिन उस पर भी कुछ निर्णय नहीं लिया गया। याचिका में बताया गया कि उच्च स्तर पर शिकायत करने पर यहां दबिश दी गई, लेकिन टीम के आने से पूर्व में मिलीभगत के चलते खननकर्ताओं को जानकारी मिली गई और वे फरार हो गएद्य घनी आबादी के पास खनन में विस्फोटक का उपयोग करने से है। स्थानीय निवासियों के लिए खतरा हो गया है। याचिका में अवैध खनन को रोकने की गुहार की गई है।

### वक्फ बोर्ड संशोधन बिल से बोर्ड में महिलाओं को मिलेगा उचित प्रतिनिधित्व : स्मृति ईरानी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने वक्फ बोर्ड बिल के लोकसभा में पेश होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इस बिल से मुस्लिमों महिलाओं को बहुत उम्मीद है। पहले मुस्लिम महिलाओं को वक्फ बोर्ड में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता था, लेकिन अब इस बिल के जरिए मुस्लिम महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त किया गया है, जो हर्ष की बात है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। उन्होंने कहा,केंद्र सरकार ने इस कदम से बोर्ड को प्रशासनिक अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया है, इसके लिए प्रधानमंत्री की सराहना की जानी चाहिए। कई बार मुस्लिम परिवार में बच्चों और महिलाओ की संपत्ति को उनकी इजाजत के बगैर बेच दिया जाता था, लेकिन अब इस बिल के जरिए मामले में सख्त रुख अपनाने का प्रयास किया गया है, ताकि इस तरह की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। बता दें कि वक्फ बोर्ड अधिनियम 1955 की धारा 40 को हटाने का प्रस्ताव रखा गया है। विधेयक में एक केंद्रीय पोर्टल और डेटाबेस के जरिए वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रस्ताव है। नए अधिनियम के लागू होने के छह महीने के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर संपत्तियों का विवरण दर्ज करना होगा।

# हिमाचल सरकार ने बदली एक और योजना, अब गांव वालों को नहीं मिलेगा मुफ्त पानी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य की खस्ता माली हालत को सुधारने के लिए कठोर निर्णय लेने शुरू कर दिए हैं। वित्तीय संकट से जूझ रही सुक्खू सरकार ने 125 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में बदलाव के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मिल रहे फ्री पानी की सुविधा को बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लिए गए मुफ्त पानी देने के निर्णय को खत्म कर दिया है। इस निर्णय के बारे में कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव से चंद माह पहले ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क पानी देने की घोषणा की थी। इससे जलशक्ति विभाग को बड़ा घाटा हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब पानी के कनेक्शन पर शुल्क लगेगा और लोगों को 100 रूपये मासिक शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि 50 हजार से कम आय वाले लोगों, विकलांगो, विधवाओं और एकल महिला को पहले की तरह मुफ्त पानी मिलता रहेगा। बता दें कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पिछले करीब दो सालों से लोगों को मुफ्त पानी की सुविधा मिल रही थी। दरअसल पूर्व की भाजपा सरकार ने वर्ष 2022 में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुफ्त पानी की घोषणा की थी। मई 2022 से ग्रामीण इलाकों में लोगों को





पानी का बिल नहीं देने पड़ रहे थे और इससे करीब 15 लाख लोगों को लाभ मिला रहा था। अब सुक्खू सरकार के फैसले से लाखों लोगों को जेबें ढीली करनी होंगी। कैबिनेट ने एचआरटीसी के घाटे में चल रहे 168 बस रूटों को फिर से विज्ञापित करने का निर्णय लिया गया है ताकि घाटा कम हो सके। वहीं एचआरटीसी की बसों में सफर करने वाले पुलिस जवानों को केवल सरकारी कार्य के लिए मुफ्त सेवा मिलेगी अन्यथा उसको सेवा का लाभ नहीं मिलेगा। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक एचआरटीसी बसों में रियायती सुविधा का लाभ उठाने वाले सभी पुलिस कर्मियों, जेल अधिकारी, हिमाचल प्रदेश सचिवालय सुरक्षा सेवाएं स्टाफ को एचआरटीसी बस में की जाने वाली यात्रा की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। कैबिनेट में सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए बड़ी घोषणा की है।

कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि आपदा प्रभावित उन परिवारों को 1 अगस्त, 2024 से 31 अक्तूबर, 2024 तक तीन महीने की अवधि के लिए शहरी क्षेत्रों में 10,000 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 5,000 रुपये प्रतिमाह किराये पर आवासीय सुविधा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके साथ-साथ उन्हें मुफ्त राशन, एलपीजी सिलेंडर, बर्तन और बिस्तर भी उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है।

### रुद्रप्रयाग के कांडा गांव के जंगल में 71 वर्षीय व्यक्ति पर खूंखार भालू ने किया जानलेवा हमला

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के कांडा गांव के जंगल में गाय के साथ गए एक व्यक्ति पर खूंखार भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीड़ित को जिला चिकित्सालय में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, कांडा गांव निवासी 71 वर्षीय गुमान सिंह बीते गुरुवार को अपनी गाय के साथ जंगल में गया था। इसी दौरान गांव के करीब आधा किमी. दूर जंगल में अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया। करीब 10 मिनट तक गुमान सिंह का भालू से बचाव के लिए संघर्ष चलता रहा। इस घटना में किसी तरह जान बचाते हुए वे सड़क तक पहुंचे। इस बीच चिल्लाते हुए जंगल में अन्य लोगों को घटना की खबर लगी। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से 500 मीटर नीचे एक स्कूल था, जहां के शिक्षक भी मदद को पहुंचे। वहीं व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जिसके बाद उन्हें हायर सेंटर रैफर किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल व्यक्ति के सिर पर गहरी चोटें हैं जबकि आंख, नाक, चेहरे को भी बुरी तरह क्षति पहुंचाई गई है।

### वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्ष फैला रहा भ्रम, गरीब मुसलमान को मिलेगा हक : चिराग पासवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को



कहा कि विपक्ष भ्रम फैला रहा है। उसने जनता को भ्रमित करने के साथ डराने का प्रयास भी शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरीके से विपक्ष ने लोकसभा के चुनाव में आरक्षण खत्म होने, संविधान खत्म होने और इस तरह की तमाम बातें कर लोगों को भ्रमित करना शुरू किया था, वैसे ही वक्फ बोर्ड में जो संशोधन के विधेयक पर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे मुसलमान विरोधी और मुसलमान का हक छीनने के लिए लाया गया कानून बता रहा है, जबकि जब वास्तविकता यह है कि वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं और उस समय की सरकार के सुझाव हैं जब विपक्ष के लोग सत्ता में थे। वे इन्हें लागू नहीं करा पाए थे और यह मामला बहुत दिनों से लंबित था। कई मुस्लिम संगठन समय-समय पर यह मांग करते रहे हैं। उन्हीं के अधिकारों को और मजबूत करने के लिए यह विधेयक लाया गया है ताकि समाज के गरीब मुसलमानों को भी उनका हक और अधिकार मिले। इसी सोच के साथ ये संशोधन लाये जा रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि किसी के दिमाग में कोई शंका न रहे, इसके लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी सरकार के समक्ष अपनी बातें रखी थीं और विधेयक को किसी समिति के पास रखने का सुझाव दिया है ताकि जितने हितधारक हैं वे इस पर खुलकर चर्चा कर सकें और हर प्रकार के भ्रम को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि विपक्ष के मन में कोई शंका न रहे, इसके लिए इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में क्रीमी लेयर के फैसले पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के सवाल पर चिराग ने कहा कि वह अपने कैबिनेट साथी के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी में कहीं भी अछूत शब्द का जिक्र भी नहीं है। अगर आप 530 पन्नों से ज्यादा की टिप्पणी को पढ़ेंगे तो कहीं भी अछूत शब्द का इस्तेमाल नहीं है।

### कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने झारखंड के नेताओं के साथ की बैठक, खड़गे बोले - फिर बनाएंगे सरकार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व रणनीति बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को नई दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की रणनीति को सफल बनाने में जुट जाएं। खड़गे ने झारखंड के कांग्रेस नेताओं से साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमने प्रण लिया कि आने वाले झारखंड चुनाव में जनता के पास सुदृढ़ता से जाकर, संगठन को मजबूत करके हम पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाएंगे। झारखंड की जनता के जल, जंगल, जमीन और हमारी जनजातीय सभ्यता का संरक्षण हमारा संकल्प है। इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी। इस दौरान विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग, चुनावी मुद्दों और संगठनात्मक कार्यक्रमों पर मंथन किया गया। बैठक में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद रहे। केसी वेणुगोपाल ने पार्टी के करीब दो दर्जन नेताओं से वन टू वन मीटिंग कर विधानसभा चुनाव के संबंध में फीडबैक लिए और आवश्यक निर्देश दिए।

# मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में ली शपथ, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। पीएम मोदी ने मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश में सामान्य स्थिति के शीघ्र बहाल होने की उम्मीद जताई और देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और संरक्षण की अपील की।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को उनकी नई जिम्मेदारियां संभालने पर मेरी शुभकामनाएं। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी और हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। भारत शांति, सुरक्षा और विकास के लिए दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यूनुस ने कहा, मैं संविधान को कायम रखूंगा, उसका समर्थन करूंगा और उसकी रक्षा करूंगा। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने ढाका स्थित राष्ट्रपति भवन में विदेशी राजनयिकों, नागरिक समाज के सदस्यों, शीर्ष व्यापारियों और विपक्षी पार्टी के सदस्यों की मौजूदगी में यूनुस को मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ दिलाई, जो प्रधानमंत्री के समकक्ष है। इस अवसर पर हसीना की पार्टी का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। अंतरिम मंत्रिमंडल



में 16 अन्य लोगों को शामिल किया गया है, इनमें मुख्य रूप से नागरिक समाज से सदस्य हैं। इसमें दो छात्र नेता भी शामिल हैं। यूनुस को अंतरिम नेता के रूप में इस सप्ताह छात्र नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और सेना के बीच चर्चा के बाद चुना गया। अब यूनुस के सामने बांग्लादेश में शांति बहाल करना और नए चुनावों की तैयारी करना बड़ी चुनौती है। यूनुस एक सामाजिक उद्यमी और बैंकर हैं, जिन्हें उनके माइक्रो फाइनेंस कार्य के लिए 2006 का नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। उनके कार्य की वजह से बांग्लादेश में गरीबी कम करने में मदद मिली और दुनिया भर में इसे व्यापक रूप से अपनाया गया।

बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के मद्देनजर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा और वे अब भारत आ गई है। ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस में मौजूद यूनुस गुरुवार को दुबई के रास्ते अमीरात की फ्लाइट से स्वदेश लौटे। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान, वरिष्ठ अधिकारियों, छात्र नेताओं और नागरिक समाज के सदस्यों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने आगमन के बाद एक भावुक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूनुस ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन को दूसरी आजादी बताया। उन्होंने कहा, आज हमारे लिए गर्व का दिन है। हमें दूसरी बार आजादी मिली है। हमें इस आजादी की रक्षा करनी है। उन्होंने हसीना के खिलाफ विरोध आंदोलन को सफल बनाने वाले युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह सबसे पहले इस बात पर जोर देना चाहेंगे कि देश को हिंसा से बचाया जाए, ताकि हम उस रास्ते पर आगे बढ़ सकें, जो छात्रों ने हमें दिखाया है। बांग्लादेश एक परिवार है। हमें इसे एकजुट करना है।

# कर्नाटक: कांग्रेस ने चुनाव में किए 59 वादे, एक साल में केवल दो पूरे कर पाई; रिपोर्ट में दावा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस ने अपने लोकलुभावन वादों के दम पर 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल किया था। हालांकि एक एनजीओ के सर्वे में दावा किया गया है कि सरकार के एक साल होने तक केवल 3 फीसदी वादे ही पूरे हो पाए हैं। एनजीओ सिविक बेंगलुरु (सिटी वॉलंटरी इनिशिएटिव फॉर सिटी) ने सिटिजन रिपोर्ट कार्ड नाम से सर्वे की रिपोर्ट जारी किा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान 59 चुनावी वादे किए थे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस ने रोजगार, उद्योग, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेंगलुरु से जुडडे 59 वादे किए थे। सिविक टीम के मुताबिक इनमें से केवल दो वादे ही पूरे किए गए। वहीं 10 वादे ऐसे हैं जिनको पूरा करने के लिए काम चल रहा है। यानी 17 फीसदी चुनावी वादों पर काम चल रहा है। अब तक 42 वादों पर काम शुरू नहीं हुआ है। यानी सरकार 71 फीसदी वादों पर जनता को कुछ नहीं दे पाई है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस की तीन गारंटी स्काम शक्ति स्कीम, गृह ज्योति और युवानिधी में से युवा निधी को पूरा किया गया है जबकि गृह लक्ष्मी और अन्न भाग्य को आंशिक रूप से पूरा किया गया है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर बात करें तो कांग्रेस ने सरकारी अस्पतालों में खाली पदों को भरने का वादा किया था लेकिन अभी यह काम शुरू भी नहीं हो पाया है। इसके अलावा हाइवे पर हर 100 किलोमीटर पर ट्रामा सेंटर, जयदेवा की तरह हार्ट हॉस्पिटल, किदवई की तरह कैंसर अस्पताल और एआईएमएचएएनए की तरह के मानसिक रोग अस्पतालों का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी रेखा से नीचे वाले छात्रों की फीस माफ करने की दिशा में भी कोई काम शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा सरकारी स्कूल और कॉलेजों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी लंबित है। पर्यावरण की बात करें तो सरकार खनन माफिया पर लगाम लगाने में अब तक विफल रही है। कांग्रेस ने खनन को लेकर कानून में बदलाव की बात कही थी। इस अध्ययन में कहा गया है कि टनल रोड, मेट्रो और पेरिफेरल रिंग रोड का काम चल रहा है। बेरोजगारी भत्ता और पाठ्य पुस्तकों में बदलाव का वादा कांग्रेस सरकार ने पूरा कर दिय है। बता दें कि बीते साल मई में सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी सफलता हासिल नहीं हो पाई।

### आय का हिसाब मांगने पर भड़के अखिलेश यादव, बोले- मेरी कमाई सीबीआई और इनकम टैक्स से पूछ लो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उनकी कमाई का हिसाब जिसे चाहिए वो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग (इनकम टैक्स) के दफ्तर में जाकर चेक कर सकता है। सपा प्रमुख ने साथ ही कहा कि कभी उनकी भी कमाई तो पूछलो जो कहते हैं कि झोला उठाकर चल दूंगा। दिल्ली में एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में शामिल अखिलेश यादव से एक दर्शक ने सवाल किया था कि उन्होंने जब अपना करियर शुरू किया तब उनके घर की कमाई कितनी थी और आज उनकी आय कितनी है। अखिलेश ने पहले सवाल पूछने वाले से उसका नाम, पता वगैरह पूछा तब अपने तरीके से जवाब दिया।

अखिलेश यादव ने कहा- मैं 20 साल से ज्यादा सीबीआई की जांच में रहा हूं। अगर आपको मेरा बैलेंस शीट चेक करना है तो सीबीआई और आयकर विभाग के दफ्तर जाइए। यहां बकवास मत करिए। सपा नेता ने आगे कहा- मैं तो चलो अपनी कमाई बताऊं, ना बताऊं, कभी उनकी भी कमाई पूछ लेना जो ये कहते रहे हों कि मैं झोला लेकर चला जाऊंगा. अखिलेश ने सवाल पूछने वाले के द्वारा उनके आर्मी स्कूल से पढ़े होने के बयानों का हवाला दिया तो उन्होंने साफ किया कि वो आर्मी स्कूल से नहीं, मिलिट्री स्कूल से पढ़े हैं। अखिलेश ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा के नंबर वन पार्टी बनने की चर्चा करते हुए कहा कि विरोधी अभी भी समीक्षा कर रहे हैं कि यूपी में उनकी हार क्यों हो गई। भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वो यूपी की हार देखते हैं तो एक करवट सोते हैं लेकिन जब अयोध्या की हार देखते हैं तो दूसरी करवट भी नहीं सो पाते हैं। अखिलेश ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे बनाने की कहानी सुनवाई और फिर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए कहा कि कई बार जो काम आप करते हैं, उसका क्रेडिट आपको नहीं मिलता है। 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा की हार पर अखिलेश ने कहा कि हम सरकारी नहीं बना सके क्योंकि हम लोगों को समझाते रहे और दूसरे लोग लोगों को बहलाते रहे।

स्वदेशी कॉन्क्लेव नाम के इस आयोजन में अखिलेश ने स्वदेशी अपनाओं आंदोलन को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- सत्ता में जो लोग हैं, उनका सबसे बड़ा नारा था, स्वदेशी अपनाओ। जब जीएसटी लागू हो रहा था तो मैंने कहा था कि भाजपा अपना स्वदेशी का नारा भूल जाएगी। आज ये लोग स्वदेशी नहीं बोल पा रहे हैं। चीन के साथ क्या व्यापार कर रहे हैं।

# आसमान में दिखेगा सबसे बड़ा उल्कापात, पर्सीड उल्कापात के दौरान दिवाली सा जगमग होगा आकाश

**वाराणसी, एजेंसी।** मध्य अगस्त के बादलों भरे आसमान में इस बार टूटे तारे दिवाली मनाएंगे। पर्सीड उल्कापात के नाम से जानी जाने वाली इस खगोलीय घटना के दौरान आसमान सबसे चमकदार दिखाई देता है। इससे 11 से 14 अगस्त की रात पर्सीड उल्काओं की बौछार दिखेगी। 12-13 अगस्त की दरम्यानी रात यह दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा होगी और हर घंटे 150 से 200 उल्काएं आकाश को रोशन करेंगी।

पर्सीड या पर्सीड्स उल्कापात के नाम से विख्यात इस खगोलीय घटना के दौरान आसमान सबसे चमकदार हो जाता है। हालांकि बारिश के मौसम में जुलाई से अगस्त के बीच होने से यह कम प्रसिद्ध हो पाई है। बादलों से भरे आसमान में कई बार अंतरिक्ष विज्ञान के छात्र और जिज्ञासु इसे देखने से वंचित रह जाते हैं। बनारस के युवा खगोल विज्ञानी छात्र वेदांत पांडेय ने बताया कि जुलाई से ही आसमान में टूटते तारे नजर आने लगते हैं मगर 11 से 14 अगस्त की रात हर घंटे 100 से ज्यादा उल्काएं आसमान में नजर आएंगी। 12-13 की रात यह सबसे ज्यादा और साफ दिखेंगी। खास यह कि यह आसमान में किसी एक दिशा में न होकर चारों तरफ से जमीन की ओर गिरती दिखेंगी। देखने वालों को कम से कम 20 मिनट के लिए आकाश देखना होगा। अंधेरे में अभ्यस्त हो जाने के बाद उल्काओं की बौछार का आनंद लिया जा सकेगा।



**स्विफ्ट टटल धूमकेतु के मलबे से रोशन आसमान :** इस खगोलीय घटना के अध्ययन को तैयार बीएचयू के भौतिक विभाग के डॉ. अभय कुमार बताते हैं कि पर्सिड उल्कापात को यह नाम पर्सियस तारामंडल की तरफ से दिखाई देने के कारण मिला है। असल में यह स्विफ्ट टटल नामक धूमकेतु का छोड़ा हुआ मलबा है। 133 साल में सूर्य का एक चक्कर लगाने वाले इस धूमकेतु की कक्षा में पृथ्वी के पहुंचते ही यह मलबा गुरुत्वाकर्षण बल के कारण खिंचा चला आता है। मगर वायुमंडल में प्रवेश करते ही घर्षण के कारण धधक उठता है।

**सबसे देर तक दिखते हैं यह टूटते तारे :** पर्सीड उल्कापात के साथ एक और अनूठी बात जुड़ी है। इसमें टूटते तारे दिखने के बाद तुरंत ओझल नहीं होते बल्कि कुछ सेकेंड तक चमकते रहते हैं। वेदांत पांडेय ने बताया कि ऐसा स्विफ्ट टटल के छोड़ हुए मलबे के आकार के कारण होता है। इन टूटते तारों की पूंछ सामान्य से लंबी होती है। इसलिए एक बार चमकने के बाद यह कुछ देर तक नजर आते हैं। यह नजारा सालभर में एक बार दिखाई देता है। वेदांत ने बताया कि प्रदूषण और बादल रहित आसमान में इसे साफ देखा जा सकता है। शहर के बाहरी इलाकों, पहाड़ों और खाली जगहों से यह दृश्य और भी सुंदरदिखाईदेताहै।

## संन्यास के बाद पदक विजेता पीआर श्रीजेश को मिली नई जिम्मेदारी



**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास ले लिया। हालांकि, अब भी वह टीम से जुड़े रहेंगे। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

## नीरज चोपड़ा की इंजरी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी भी चिंतित

- सिल्वर मेडल की बधाई देते हुए कही यह बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (9 अगस्त) को दिग्गज एथलीट नीरज चोपड़ा को फोन करके पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने चोपड़ा से कहा कि उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। वहीं नीरज ने चोट के कारण स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने का मलाल जाहिर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद नीरज की इंजरी पर अपडेट लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सराहना की और कहा, आपने चोट के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हमें आप पर गर्व है। चोपड़ा ने जवाब दिया कि वह भविष्य में और अधिक मेहनत करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो करके गोल्ड अपने नाम किया। नीरज ने 89.45 मीटर का थ्रो किया। उनके 5 थ्रो फाउल रहे।

## पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में मनु बाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे



**पेरिस (एजेंसी)।** मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। आईओए ने बयान में कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

पेरिस ओलंपिक

# 'गोल्डन ब्वॉय' ने जीता 'सिल्वर'

- पाकिस्तान के नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण



**पेरिस, एजेंसी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल रहे और आजाद भारत के पहले एथलीट बन गए। आठ अगस्त को खेले गए फाइनल मुकाबले में नीरज 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 92.97 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इस पर अब नीरज ने प्रतिक्रिया दी है।

जैवलिन थ्रो के फाइनल मुकाबले में नदीम ने पांच लीगल थ्रो किए, इनमें से दो प्रयास उनके 90+ मीटर के रहे। नदीम का आखिरी प्रयास 91.79 मीटर का रहा। नदीम ने पहला प्रयास में फाउल किया था। वहीं, तीसरे प्रयास में उन्होंने 88.72 मीटर थ्रो, चौथे प्रयास में 79.40 मीटर थ्रो और पांचवें प्रयास में 84.87 मीटर थ्रो किया। 92.97 मीटर के थ्रो के साथ पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड भी बना दिया। इससे पहले जेवलिन थ्रो में ओलंपिक रिकॉर्ड एंड्रियास थोरकिल्डसेन के नाम था। एंड्रियास ने 23 अगस्त 2008 को बीजिंग ओलंपिक में 90.57 मीटर दूर भाला फेंककर रिकॉर्ड बनाया था। अरशद के दमदार प्रदर्शन पर अब भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने बात करते हुए बताया कि हर एथलीट का अपना दिन होता है।

उन्होंने कहा, आज अरशद का दिन था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन कुछ चीजों पर ध्यान देने और काम करने की जरूरत है। वहीं, अपने प्रदर्शन पर भी नीरज ने चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, जब भी हम देश के लिए पदक जीतते हैं तो हम सभी खुश होते हैं।

अब खेल में सुधार करने का समय आ गया है। हम बैठकर चर्चा करेंगे और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाएंगे। नीरज ने भारत की भविष्य की ओलंपिक संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए वादा किया कि किसी और देश और इवेंट में भारत का राष्ट्रगान सुना जाएगा। उन्होंने कहा, भारत ने (पेरिस ओलंपिक में) अच्छा प्रदर्शन किया। आज भले ही हमारा राष्ट्रगान नहीं बजाया गया हो, लेकिन भविष्य में इसे सुना जाएगा।

# ओडिशा के सीएम माझी ने हॉकी टीम के लिए इनाम की घोषणा की

### रोहिदास को 4 करोड़ देने का ऐलान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी और टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पीआर श्रीजेश के बचाव की बदौलत भारत ने पेरिस ओलंपिक में स्पेन को यवेस डू मनोइर स्टेडियम में 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। विशेष रूप से भारत ने 1972 के म्यूनिख खेलों के बाद 52 वर्षों में पहली बार लगातार कांस्य हॉकी पदक जीता।



सीएम माझी ने घोषणा की कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कर्मचारियों के लिए 10 लाख रुपए का इनाम आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा के अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। सीएम माझी ने कहा, भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता है, आने वाली पीढ़ी इस जीत को याद रखेगी... मैं अमित रोहिदास और अन्य सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं, और मैं यह भी घोषणा करता हूं कि सभी खिलाड़ियों को 15 लाख रुपए और स्टाफ को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे... अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए दिए जाएंगे...।

इस बीच ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम से बात की। ओडिशा के पूर्व सीएम ने पेरिस में कांस्य पदक मैच में स्पेन को हराने के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को बधाई दी। नवीन पटनायक ने फोन पर कहा, ओडिशा और पूरे भारत की ओर से भारतीय टीम को बहुत-बहुत बधाई, हमें आप पर बहुत गर्व है। बहुत-बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया।

भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल रहे श्रीजेश भावनाओं से भरे मैदान पर उतरे और टीम के बाकी खिलाड़ी भी भारत के हॉकी इतिहास के इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाने के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में भारत ने इतिहास रच दिया और ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक जीते। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (30प्रतिशत, 33 प्रतिशत) के गोल उन्हें फिनिश लाइन तक पहुंचाने के लिए काफी थे। स्पेन के लिए मार्क मिरालेस (18 प्रतिशत) एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है मोहम्मद शमी की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे विश्व कप के बाद चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में जल्द वापसी की उम्मीद की जा रही है।

शमी बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे।

इसमें मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में (7-57) शानदार गेंदबाजी भी शामिल है। वनडे विश्व कप के बाद मोहम्मद शमी को दाहिनी एड़ी में चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था।

# विनेश फोगाट संन्यास वापस लेंगी, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पूरा करेंगी गोल्ड का सपना?

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल की दावेदार होने के बावजूद अयोग्य घोषित होने के बाद विनेश फोगाट ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। उन्होंने फैसला किया कि अब वह अपने सबसे प्रिय खेल में हिस्सा नहीं लेंगी, लेकिन इस बीच उन्होंने की कवायद शुरू हो गई है। उनकी फैमिली और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने फैसला वापस लेने की गुजारिश की है।



भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले अयोग्य ठहराए जाने के बाद अपनी मां को संबोधित एक भावुक संदेश में कुश्ती को अलविदा कहने की घोषणा कर दी और कहा कि अब उनमें आगे खेलने की ताकत नहीं है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने संन्यास की घोषणा की। अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय विनेश ने लिखा, 'मां, कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना। आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब।'

दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडल विजेता ने कहा, 'अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे माफ कर दीजिए।' विनेश ने बुधवार को खेल पंचाट (कैस) में ओलंपिक्स फाइनल से खुद को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाए। रेसलिंग की अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने हालांकि स्पष्ट कर दिया है कि वजन से जुड़े वर्तमान नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडल विजेता पहलवान बबीता फोगाट ने अपनी चचेरी बहन विनेश से आग्रह किया कि कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करें। बबीता ने कहा, '2012 में मैं भी एशियन चैंपियनशिप में नहीं खेल पाई थी क्योंकि मेरा वजन 200 ग्राम अधिक था। ऐसे कई अन्य उदाहरण हैं जिसमें पहलवानों को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित किया गया है। पूरी दुनिया जानती है कि ऐसा कुश्ती के नियमों के कारण हुआ।'

बबीता ने कहा कि देश विनेश के कुश्ती को अलविदा कहने के फैसले से दुखी है और उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर फिर विचार करेंगी और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक्स के लिए ट्रेनिंग करेंगी। बबीता ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगी और 2028 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी और अपनी मां और मेरे पिता का सपना पूरा करेंगी। पिताजी (महावीर फोगाट) ने भी कहा है कि एक बार जब वह घर आएगी तो वह उसे अपने फैसले पर इपुनर्विचार करने और फिर से मैट पर उतरने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

# रूस की शतरंज खिलाड़ी ने प्रतिद्वंद्वी को दिया 'जहर' रूसी शतरंज संघ ने किया निलंबित



**पेरिस (एजेंसी)।** रूसी गणराज्य दागेस्तान की 40 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अमीना अबकारोवा को रूसी शतरंज संघ द्वारा निलंबित कर दिया है। उन्हें 2 अगस्त को दागेस्तान शतरंज चैंपियनशिप के दौरान अपनी प्रतिद्वंद्वी उमयगनत उस्मानोवा को कथित तौर पर जहर देने के कारण उन्हें तीन साल तक की जेल हो सकती है।

कैमरे में अबकारोवा को खेल से 20 मिनट पहले उस्मानोवा के बोर्ड के पास चलते हुए देखा गया तथा बोर्ड और उस्मानोवा के कुछ मोहरों पर थर्मामीटर से घातक पारा लगाते हुए दिखाया गया है। खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही उस्मानोवा को अस्वस्थता महसूस होने लगी, उन्हें चक्कर आने लगे जिसके कारण उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए बुलाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसा जहर के कारण हो सकता है। अबकारोवा ने अपना गुनाह करते हुए कहा है कि वह उस्मानोवा के प्रति व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण अपनी प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर करना चाहती थी। उसने दावा किया कि उसका इरादा उस्मानोवा को नुकसान पहुंचाना नहीं था बल्कि उसे डराना था।

इस घटना ने शतरंज समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। रूसी शतरंज संघ के अध्यक्ष एंड्री फिलाटोव ने पुष्टि की है कि अबकारोवा को जांच लंबित रहने तक रूसी शतरंज प्रतियोगिताओं से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। उन पर आजीवन प्रतिबंध लगने की संभावना है।

# ओलंपिक विवाद के बाद स्वदेश लौटी अंतिम पंघाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आई। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया। इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया।

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम



की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।

अंतिम बुधवार को महिलाओं की कुश्ती के 53 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद ओलंपिक से बाहर हो गई थीं। भारत वापस लौटने से पहले 19 वर्षीय अंतिम ने कहा, 'मेरा कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था। मेरी तबीयत ठीक नहीं थी और भ्रम की स्थिति थी। यह सब भ्रम की वजह से हुआ। बाद में एक वीडियो में अंतिम ने स्वीकार किया कि उसे पुलिस थाने जाना पड़ा लेकिन केवल अपने मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए अच्छा दिन नहीं था। मैं हार गई। मेरे बारे में बहुत कुछ फैलाया जा रहा है, यह सच नहीं है। मुझे तेज बुखार था और मैंने अपनी बहन के साथ होटल जाने के लिए अपने कोच से अनुमति ली थी। अंतिम ने कहा, 'मुझे अपने कुछ सामान की जरूरत थी जो खेल गांव में था। मेरी बहन ने मेरा कार्ड लिया और वहां अधिकारियों से पूछा कि क्या वह मेरा सामान ले सकती है। वे उसे मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए उसे पुलिस स्टेशन ले गए। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनके कोच नशे में थे और किराए को लेकर टैक्सी ड्राइवर से उनकी कहासुनी हो गई थी।

अंतिम ने कहा, 'मेरे कोच प्रतियोगिता स्थल पर ही रुक गए थे और जब वे वापस आना चाहते थे तो हमने उनके लिए एक कैब बुक की। मेरे कोच के पास पर्याप्त नकदी नहीं थी और भाषा संबंधी समस्याओं के कारण टैक्सी ड्राइवर से उनकी बहस हो गई।

# एडिलेड टेस्ट से पहले डे नाइट वॉर्म अप मैच खेलेगा भारत

- पिछली बार 36 रन पर सिमट गई थी विराट कोहली की टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले भारत को कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ गुलाबी गेंद से दो दिन का अभ्यास मैच खेलना है। यह मैच पहले और दूसरे टेस्ट के बीच 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में खेला जाएगा।

पिछले दो सत्रों में प्राइम मिनिस्टर इलेवन की टीम 2022 में वेस्टइंडीज (डे-नाइट) और 2023 में पाकिस्तान से खेली है। भारत के साथ मैच को केवल दो दिनों का होगा। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर भारत ने एडिलेड में डे नाइट टेस्ट आठ विकेट से गंवा दिया था। विराट कोहली की अगुआई वाली टीम दूसरी पारी में अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर 36 रन पर आउट हो गई थी। फिर शानदार वापसी करते हुए अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम 2-1 से जीती थी।

**भारत ने सिर्फ चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं:** भारतीय टीम पिछली बार जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई थी तब एडिलेड चार मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट था। यह कोविड-19 के कारण सीमा बंद होने की चुनौतियों के बावजूद पूरा हुआ था। इस बार सीरीज पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट होंगे। कुल मिलाकर भारत ने सिर्फ चार डे-



नाइट टेस्ट खेले हैं। आखिरी बार टीम 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में डे नाइट टेस्ट खेला गया था।

**पिंक बॉल टेस्ट में केवल एक बार हारा ऑस्ट्रेलिया:** ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू) मैच खेले हैं। इसमें पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार शामिल है। यह पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली हार थी। हाल के सीज़न में प्राइम मिनिस्टर इलेवन एक मजबूत टीम रही है। मैट रेनशॉ ने पिछले दो मुकाबलों में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ 81, नॉट आउट 101 और नॉट आउट 136 रन बनाए हैं।

**मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी:** हालांकि, पिछले सीजन में मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी। यह पिच बहुत धीमी थी। गेंद काफी नीचे रह रही थी।

पर्थ में टेस्ट के लिए आदर्श तैयारी के लिए स्थिति नहीं थी। हालांकि खराब मौसम ने ग्राउंडस्टाफ के लिए मुश्किल पैदा कर दी थी। मैच का अंतिम दिन रात भर के तूफान के बाद रद्द कर दिया गया था। कवर्स उड़ गए थे।

**इंडिया ए की एक टीम अक्टूबर के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी:** भारत को 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट से पहले 15-18 नवंबर तक वाका में इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेलना है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी।

# गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच में निजी भागीदारी का शुभारंभ

## स्त्री रोग विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट के पदों पर शीघ्र होगी भर्ती : उप मुख्यमंत्री



रीवा। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हर माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निश्शुल्क जाँच के शिविर सभी अस्पतालों में लगाए जाएंगे। इनमें गर्भवती महिलाओं को जाँच, उपचार, दवा और आने-जाने की सुविधा निश्शुल्क दी जाएगी। श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा के ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल मण्डला और रतलाम जिले के हितग्राहियों से उप मुख्यमंत्री ने संवाद किया। कार्यक्रम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन शामिल हुए। इस अवसर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हर गर्भवती महिला को निश्शुल्क जाँच, उपचार और दवा की सुविधा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत यदि सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं है तो गर्भवती महिला की निजी सोनोग्राफी केन्द्र में सोनोग्राफी कराई जाएगी। इसकी राशि का भुगतान सरकार करेगी। सरकारी अस्पताल से जारी बाउचर से महिला सात दिन में कभी भी अपनी जाँच सोनोग्राफी सेंटर में करा सकती है। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर नियंत्रित करने के प्रयासों में निजी अस्पतालों की भागीदारी देने वाला मध्यप्रदेश देश का दूसरा राज्य है। मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए सबका सहयोग आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं है। शीघ्र ही स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा रेडियोलॉजिस्ट के पदों पर भर्ती की जाएगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना तथा आवश्यक उपकरण स्थापित करके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जिला अस्पताल के समकक्ष स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा के लिए दूसरी कैथलैब मशीन शीघ्र ही उपलब्ध हो जाएगी। कैंसर क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए रीवा में 20 करोड़ की लागत से भवन बनाया जा रहा है। इसमें कैंसर के उपचार के लिए 29 करोड़ रुपए की लीनेक मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डॉक्टरों के साथ-साथ पैरामेडिकल स्टाफ और नर्सों की भी भर्ती की जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से गरीब से गरीब रोगियों के लिए भी एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो गई है। गर्भवती महिलाओं की निजी सोनोग्राफी केन्द्रों में जाँच के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया गया है।

समारोह में स्वास्थ्य संचालनालय की संयुक्त संचालक डॉ अर्चना मिश्रा ने गर्भवती महिलाओं की जाँच के लिए की जा रही निश्शुल्क व्यवस्था तथा निजी भागीदारी के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला को दवा, जाँच और आने-जाने की निश्शुल्क सुविधा दी जा रही है। जरूरत होने पर उसे निश्शुल्क खून चढ़ाया जाएगा।

## अभिलेखों में सुधार के 584 प्रकरण किए गए निराकृत

रीवा। राजस्व महाअभियान में नक्शा तरमीम और अभिलेखों में सुधार के प्रकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत किए जा रहे हैं। जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में सभी एसडीएम अभिलेखों में सुधार के प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान अब तक अभिलेखों में सुधार के 584 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। एसडीएम हुजूर ने 332, सिरमौर ने 33, सेमरिया ने 16, रायपुर कर्चुलियान ने 16, मनगवां ने 38, जवा ने 5, गुढ़ ने 86 तथा एसडीएम त्योंथर ने 58 प्रकरणों का निराकरण किया है। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार के नए प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## कलेक्टर मऊगंज ने महिला एवं बाल विकास कार्यालय नईगढ़ी का किया औचक निरीक्षण



रीवा। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने सुबह 10:30 बजे महिला एवं बाल विकास कार्यालय नईगढ़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला पाया गया लेकिन अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारी सहित कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने इस दौरान महिला एवं बाल विकास के जर्जर भवन की स्थिति का भी जायजा लिया और मौके पर उपस्थित जनपद सीईओ से भवन के संबंध में जानकारी ली। जनपद सीईओ कल्पना यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद कार्यालय का भवन काफी पुराना है। जिसकी जानकारी एसडीएम मऊगंज को भेजी जा चुकी है। गौरतलब है कि जिस भवन में महिला एवं बाल विकास कार्यालय संचालित है वह जनपद पंचायत नईगढ़ी का पुराना भवन है। भवन की दीवारें आदि काफी मजबूत हैं। जिसके जीर्णोद्धार के लिए तत्कालीन रीवा कलेक्टर राहुल जैन द्वारा आदेश जारी किए गए थे। लेकिन आज तक उक्त भवन के जीर्णोद्धार का कार्य नहीं कराया जा सका।

## जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायतों में होगा आभार सह उपहार कार्यक्रम

रीवा। शासन के निर्देशों के अनुसार 10 अगस्त को लाड़ली बहना उत्सव तथा आभार सह उपहार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड तथा सभी ग्राम पंचायतों में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की राशि तथा रक्षाबंधन पर्व की 250 रुपए की राशि जारी करने के राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यगण शामिल होंगे। नगरीय निकाय में आयोजित कार्यक्रमों में महापौर, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पार्षदगण शामिल होंगे। ग्राम पंचायतों में आयोजित सरपंच तथा पंचगण शामिल होंगे। विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण भागीदारी निभाएंगे। इन कार्यक्रमों में पात्र महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व तथा सावन से जुड़े लोकगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनधिगण तथा गणमान्य नागरिक, लाड़ली बहनों एवं विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से राखी बंधवाएंगे। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

## नशामुक्त अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक : कलेक्टर

### विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम का आयोजन 12 अगस्त को

रीवा। नशामुक्त अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे के स्वतंत्र कार्यक्रम 12 अगस्त को प्रातः 9 बजे आयोजित किया जायेगा। नशा मुक्त कार्यक्रम के आयोजन संबंधी बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि नशामुक्त अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है जिले में नशामुक्त अभियान 15 अगस्त से आरंभ होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगा जिसके तहत अनवरत नशामुक्त गतिविधियाँ संचालित होंगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्त रीवा बनाने में सभी वर्ग व समाज के प्रबुद्धजन अपनी सहभागिता निभायें युवाओं को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए



उन्हें सही व गलत के बीच अन्तर समझायें। व्यक्तिगत काउंसलर को जोड़े तथा उनके माध्यम से नशे में गिरफ्त लोगों को समझाइश दिलायें तथा काउंसिलिंग करायें। कलेक्टर ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा व जिला शिक्षा अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर नशामुक्त कार्यक्रम लगातार महाविद्यालयों व विद्यालयों में कराने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अभियान में स्वयं सेवी संस्थाओं सहित अन्य नशामुक्त कार्यक्रम संचालित करने वाले संस्थानों व व्यक्तियों को जोड़ने की बात कही। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि सभी विद्यालयों में प्रार्थना के समय प्रतिदिवस नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देने व संक्षिप्त नशामुक्त गतिविधि का आयोजन करायें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय में पान, गुटखा या अन्य नशीले पदार्थ खाकर आने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को नशामुक्त हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा छोटी-छोटी नशामुक्ति से संबंधी क्लिपिंग्स के माध्यम से सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नशामुक्त अभियान तथा नशा छोड़ने वालों की सफलता की कहानी विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से प्रकाशित करने के निर्देश दिये ताकि उनसे सीख मिले। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वार्डवार जनप्रतिनिधियों व अन्य नागरिकों का समूह बनाकर नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान संचालन की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिये।

बैठक में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि समस्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर 12 अगस्त को प्रातः 9 बजे शपथ लेने हेतु व्यवस्था की जायें।

## पंचायत उप चुनाव का कार्यक्रम निर्धारित

रीवा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पंचायत प्रतिनिधियों के पदों के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि चुनाव की सूचना का प्रकाशन 21 अगस्त को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। इसी दिन स्थानों के आरक्षण की सूचना तथा मतदान केन्द्रों की सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 28 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 29 अगस्त को की जाएगी। उम्मीदवार 31 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की सूची तैयार कर उन्हें चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। पंच पद की मतगणना 11 सितम्बर को मतदान समाप्ति के बाद मतदान केन्द्र में ही की जाएगी। सरपंच पद, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पदों की मतगणना 15 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालयों में की जाएगी। पंच, सरपंच तथा जनपद सदस्य के मतों का सारणीकरण करके चुनाव परिणामों की घोषणा विकासखण्ड मुख्यालय में 18 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य के मतों का सारणीकरण 18 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जिला मुख्यालया में होगा। सारणीकरण के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रीवा जिले में पंच पद के 16, सरपंच पद के एक तथा जनपद सदस्य के एक पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। मऊगंज जिले में पंच के 4 पदों तथा सरपंच के एक पद पर चुनाव कराया जाएगा।

## जिले में अब तक 300 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 9 अगस्त को 9.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 34.1 मिलीमीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 300 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 37.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 157.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 473 मिलीमीटर, सिरमौर में 351 मिलीमीटर, त्योंथर में 163.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 259 मिलीमीटर, मनगवां में 412 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 213 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## राजस्व महाअभियान में 12688 प्रकरणों का हुआ निराकरण

रीवा। जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 12688 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम न्यायालयों में 1742 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों में 10946 प्रकरणों का अभियान के दौरान किया गया। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार हुजूर ने 1847, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ 463, नायब तहसीलदार बनकुइयाँ ने 561, तहसीलदार सिरमौर ने 481 तथा नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर ने 415 प्रकरणों का निराकरण किया। नायब तहसीलदार लालगांव ने 491, तहसीलदार सेमरिया 620, नायब तहसीलदार शाहपुर ने 794, तहसीलदार मनगवां ने 344, नायब तहसीलदार गढ़ ने 258, नायब तहसीलदार सूरा ने 293 तथा नायब तहसीलदार डेल्ही ने 227 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 446, नायब तहसीलदार मनिकवार ने 667, नायब तहसीलदार पहड़िया ने 526, तहसीलदार त्योंथर ने 138, नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी ने 172 तथा नायब तहसीलदार चाक ने 174 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार जवा ने 229, नायब तहसीलदार गढ़ी ने 247, नायब तहसीलदार अतरैला ने 284, नायब तहसीलदार डभौरा ने 276, तहसीलदार गुढ़ ने 498 तथा नायब तहसीलदार दुआरी ने 495 प्रकरणों का निराकरण किया।

## हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियाँ शुरू, निकाली गई तिरंगा यात्रा

रीवा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 9 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियाँ आरंभ हो गई हैं। इसी क्रम में रायपुर कर्चुलियान में तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रभक्ति व राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन को दिया गया। तिरंगा यात्रा में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में लोगों ने सहभागिता की।

## धार्मिक संगठन श्रीराम दरबवार के द्वारा 10 अगस्त को जन चेतना के लिये 108 श्रीराम भक्तो के द्वारा किया जायेगा सामूहिक श्री सुन्दकाण्ड पाठ

रीवा। जैसा की आप सब को पता है कि आपके अपने शहर रीवा में ईश्वरीय प्रेरणा से सामाजिक और धार्मिक संगठन श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त द्वारा 22 जनवरी 2024, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि से देव भूमि पंचमठ धाम के तट पर दिव्य मां बीहर गंगा महा-आरती शुरु की गई थी, जो अनवरत आप सभी भक्तो के सहयोग से चल रही है, आरती के 201वें दिन पूर्ण होने एवं तुलसी जयंती के पूर्व संध्या में 10 अगस्त 24, शनिवार श्रावण माह के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को, समय अपरान्ह 04:30 बजे से, देव भूमि पंचमठ धाम में दिव्य 108 श्रीराम भक्तो के द्वारा सामूहिक 108 श्री सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त के सेवको के द्वारा किया जाना निश्चित हुआ है, जिसकी सम्पूर्ण तैयारी श्रीराम भक्तों द्वारा कर ली गई।

## उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सिविल लाइन पार्क का किया निरीक्षण

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन सिविल लाइन पार्क का निरीक्षण किया तथा अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने पार्क में पेवर ब्लाक के कार्य को पूरा करने तथा फब्बारा लगाने सहित बच्चों के लिए प्ले स्थल बनाने के कार्यों को शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थल में पेवर लगाने तथा निर्माणाधीन दूकानों के कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे सहित निर्माण विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान को उत्सव के रूप में मनायें

### हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियाँ कार्ययोजना बनाकर आयोजित करायें : कलेक्टर

रीवा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आगामी 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि अभियान को उत्सव के रूप में मनायें तथा शैक्षणिक संस्थानों, शहरी व ग्रामीण अंचलों में कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रमों का आयोजन करायें। उन्होंने बताया कि आयोजनों के लिये अनुभाग स्तर पर एसडीएम को, जनपद स्तर पर सीईओ जनपद को तथा नगरीय निकायों के लिये सीएमओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बनाकर गतिविधियों का कैलेण्डर बनाकर आयोजन किया जाना सुनिश्चित करायें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक



में सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने डीपी में एक ही तरह की तिरंगे की डीपी लगायें। जिले में शहीद हुए सेना नायकों के नाम से संस्थानों, सड़कों, ब्रिाज आदि के लिये प्रस्ताव तैयार करायें और संबंधित सूची उपलब्ध करायें। हर घर तिरंगा अभियान के तहत गतिविधियों व कार्यक्रमों से पूर्व शपथ कार्यक्रम अनिवार्यतः आयोजित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये । उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, रैली, दौड़ एवं मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आगामी 13 अगस्त तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म में तिरंगे की डीपी लगाना, तिरंगा झंडा फहराना, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन करना, स्थानीय भाषाओं में तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन, तिरंगा गान फिल्म का प्रदर्शन, तिरंगा प्रदर्शनी, वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों को तिरंगा ट्रिब्यूट, तिरंगा प्रतिज्ञा की सेल्फी तथा तिरंगा मेला में स्वसहायता समूह एवं स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों की भागीदारी से तिरंगा सामग्री का विक्रय/वितरण किया जाएगा।

## आदिवासी समाज गंगा के समान पवित्र है : उप मुख्यमंत्री



रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आदिवासी समाज गंगा के समान पवित्र है। यह जो कहते हैं उसे करने में विश्वास रखते हैं। श्री शुक्ल ने रीवा के एग्रीकल्चर कालेज तिराहे में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए रीवा में छात्रावास की सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आदिवासी ही इस देश के आदिकाल के रहवासी हैं। इनके बिना मानव सभ्यता की कल्पना संभव नहीं है। मुगलों और अंग्रेजों के विरूद्ध इन्होंने जो लड़ाइयाँ लड़ी है जिनका योगदान अविस्मरणीय है। अदम्य साहस व देश प्रेम की भावना के कारण ही भगवान बिरसा मुंडा कहे जाने लगे। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के बिना रीवा का विकास अधूरा है। इसलिए रीवा में एग्रीकल्चर कालेज तिराहे में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज का उनके प्रति निश्छल प्रेम है। आदिवासियों के द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्यों में सांस्कृतिक चेतना का प्रगटीकरण दिखता है। जल, जंगल, जमीन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए आदिवासी भाईयों के हित में शासन स्तर से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। धरती पर आदिकाल से रहने वाले भाईयों को पट्टा देकर उस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास दिलाने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीन योजना लागू की गई है जिसमें गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट सोनाग्राफी सेंटर में भी जाँच कराने की निश्शुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में कोल भवन के निर्माण के साथ ही त्योंथर में कोलगढ़ी के पुनरूद्धार का कार्य प्रगति पर है। आदिवासी समुदाय के विकास के लिए सभी मांगों को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक व्यौहारी शरद कोल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके परिजनों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने विन्ध्य शहीद स्वतंत्रता संग्राम पार्क निर्माण कराए जाने की बात कही ताकि आने वाली पीढ़ी पूर्वजों के बलिदान को जान सके। उन्होंने आदिवासी छात्रावास में सुविधाएं बढ़ाने की भी माँग की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल रौतेल ने कहा कि भारत में सर्वाधिक जनजातीय संख्या मध्यप्रदेश में है। आदिवासियों के अधिकार एवं संरक्षण के लिए विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है।

बहनों की सशक्त भागीदारी
समृद्ध प्रदेश की तैयारी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# भैया मोहन यादव द्वारा 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन का उपहार

प्यारी बहनो,

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। श्रावण मास भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व का माह है। माता-पिता के बाद घर मे सबसे ज्यादा जो प्यार लुटाता है, वह है बहन...आज तक रक्षाबंधन परिवारों में ही मनाया जाने वाला त्योहार था। पहली बार पूरे श्रावण माह को बहनों को समर्पित करके प्रदेश भर में रक्षाबंधन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मैं मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बाद में पहले आपका भाई हूं। मैं स्वयं रक्षाबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से बहनों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं। मेरी हर बहन सशक्त और आत्मनिर्भर बने उनका जीवन समृद्ध और खुशहाल हो इसके लिए यह भाई सदैव समर्पित रहेगा।

आपके स्नेह और आशीर्वाद का आकांक्षी

आपका भैया
**डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

## कुल ₹ 1897 करोड़ की राशि का अंतरण

## आज आएंगे

हर बहन के खाते में
**₹250** राखी का शगुन और
प्रतिमाह के **₹1250** सहित
कुल **₹1500**



## स्व-सहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन में ₹ 332 करोड़ एवं गैस रीफिल योजना में ₹ 52 करोड़ का अंतरण**

10 अगस्त, 2024 । अपराह्न 2:00 बजे
विजयपुर, जिला-श्योपुर, मध्यप्रदेश

#मोहन_भैया_का_राखी_शगुन

सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11046/24
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833